राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 78
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 16 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 मंदिर के पास गड्ढे में डूबा तीन साल का बच्चा
पेज 4 बाइक में आग लगने से महिला जिंदा जली, मौत
पेज 6 अरुंधति रेड्डी की घातक गेंदबाजी से भारत की जीत, सीरीज में 1-0

## संक्षिप्त खबरें

### बेंगलुरु में एक फोटो स्टूडियो के आर्टिफिशियल तालाब में 3 साल का बच्चा डूबा

बेंगलुरु। बेंगलुरु के बाहरी इलाके में एक फोटो स्टूडियो के आर्टिफिशियल तालाब में तीन साल का एक बच्चा डूब गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को मदनायकनहल्ली पुलिस स्टेशन के तहत गिद्देनहल्ली में एक फोटो शूट के दौरान हुई। पुलिस के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब बच्चा अपनी मां के साथ अपनी दोस्त के मैटरनिटी फोटो शूट के लिए स्टूडियो गया था। जब महिला अपनी दोस्त के फोटोशूट में बिजी थी, तभी बच्चा आर्टिफिशियल पानी के तालाब में फिसल गया और डूब गया। कुछ देर बाद, जब महिला को एहसास हुआ कि उसका बच्चा गायब है, तो आस-पास के दूसरे लोगों के साथ मिलकर, उन्होंने लड़के को बहुत ढूंढा।

### बेटे ने किया माता-पिता का कत्ल

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया था, जहां एक बेटे ने अपने माता-पिता की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। कैप्टन नवीन चंद्र भट और डॉ. श्यामला भट की हत्या के कुछ दिन बाद शनिवार, 14 फरवरी को उनका अंतिम संस्कार किया गया। कैप्टन नवीन चंद्र भट और डॉ. श्यामला भट की हत्या का मुख्य आरोपी उनका बेटा रोहन चंद्र भट है, जिसे पुलिस पहले ही हिरासत में ले चुकी है। कैप्टन नवीन चंद्र भट और डॉ. श्यामला भट के अंतिम संस्कार में पुलिस रोहन को विल्सन गार्डन श्मशान घाट ले गई ताकि वह उनके अंतिम संस्कार में शामिल हो सकें।



## हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो...! पति- क्यों...? पत्नी- क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो...!, पति- मैं कुछ समझा नहीं...? पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले, और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...!



## शायरी

शोहरत की बुलंदी भी पल भर का तमाशा है
जिस डाल पे बैठे हो वो टूट भी सकती है

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,626.76
-1,048.16 (1.25%)
निफ्टी:
25,471.10
-336.10

## मौसम



अधिकतम : 28 डिग्री से0
न्यूनतम : 12 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 7 : 12
सूर्यास्त सोमवार : 6 : 13

# महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख बोले- टीपू सुल्तान शिवाजी महाराज के बराबर

### भाजपा बोली- सपकाल पागल हो चुके हैं; पुणे में पूर्व विधायक के पोस्टर जलाए



**बुलढाणा।** महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने पर विवाद बढ़ गया है। सपकाल ने कहा था- टीपू सुल्तान को शिवाजी महाराज के बराबर मानना चाहिए। वे एक योद्धा और भारत के भूमिपुत्र के रूप में उभरे। उन्होंने कभी भी जहरीली सोच को नहीं अपनाया। दरअसल, सपकाल 14 फरवरी को बुलढाणा में मालेगांव नगर निगम के डिप्टी मेयर निहाल अहमद के ऑफिस पर थे। वे टीपू सुल्तान की तस्वीर हटाने पर हुए विवाद के बारे में बोल रहे थे।

# टी-20 वर्ल्डकप में भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत

### 61 रन से हराया; ईशान ने 77 रन बनाए, इंडिया ने सुपर-8 में जगह बनाई

कोलंबो। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली।

**ईशान किशन :** अहम मौके पर फिफ्टी लगाई पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा ने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा (जीरो) पवेलियन भेज दिया था। जोकि टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका था, क्योंकि तब स्कोर एक रन था। ऐसे में ईशान किशन ने मोर्चा संभाला और तिलक वर्मा के साथ 46 बॉल पर 87 रन की अहम साझेदारी की।

**हार्दिक पंड्या :** साहिबजादा फरहान को पवेलियन भेजा 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तान ने पहले ओवर पर साहिबजादा फरहान (जीरो) का विकेट गंवाया। उन्हें हार्दिक पंड्या ने पवेलियन भेजा। उन्होंने 3 ओवर की गेंदबाजी में 16 रन दिए। पंड्या ने 18वें ओवर की आखिरी बॉल पर उस्मान तारिक को बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी।

**जसप्रीत बुमराह :** पाक को पावरप्ले में बैकफुट पर धकेला यहां से पाकिस्तान की उबरने के चांस थे, लेकिन जसप्रीत बुमराह ने दूसरे ओवर में सईम अयूब (6 रन) और सलमान अली आगा (4 रन) को पवेलियन भेजकर टीम की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।




# ट्रेड डील में किसानों के साथ धोखा हो रहा : राहुल

### पीएम मोदी से 5 सवाल किए; शाह बोले- राहुल झूठ फैला रहे

> किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए यह सिर्फ आज की बात नहीं है ये भविष्य की भी बात है।



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है। गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है।

उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट 5 सवाल किए-

ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज (चारा) खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?

अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?

जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?

गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर त्नरू फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा?

एक बार यह दरवाजा खुल गया तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी, या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?

# कर्नाटक : केमिकल फैक्ट्री में भीषण धमाका, दो की मौत, कई घायल

- स्थानांतरण के दौरान टैंक सफाई करते समय हुआ धमाका
- फैक्ट्री का खराब सुरक्षा रिकॉर्ड, पहले भी गैस रिसाव



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में करेकेट्टे गांव के पास एक फैक्ट्री में रासायनिक भंडारण टैंक के विस्फोट के कारण दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट तब हुआ जब रासायनिक फैक्ट्री को स्थानांतरित किया जा रहा था। दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को यहां मंड्या इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह सुविधा कुछ समय से करेकेट्टे से नए स्थान पर अपने सामग्रियों को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में थी और यह दुर्घटना रविवार को तब हुई जब रासायनिक टैंक को साफ किया जा रहा था।

पुलिस ने कहा कि जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री की सुरक्षा रिकार्ड को लेकर चिंता जताई है, जिसमें 2022 में एक विषैला गैस रिसाव का मामला शामिल है, जिसने आसपास के क्षेत्रों में फसलों को नुकसान पहुंचाया और दो कुत्तों की भी मौत हो गई। इसका आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

किसानों और स्थानीय लोगों के विरोध और स्थानीय विधायक तथा जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद, फैक्ट्री के संचालन को रोक दिया गया था और इसलिए मालिकों ने फैक्ट्री को एक अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया था।

## संसद परिसर में कुत्ता लाने पर रेणुका चौधरी की बढ़ेंगी मुश्किलें, विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य रेणुका चौधरी को अपनी कार में एक आवारा कुत्ते को संसद परिसर में लाने और सांसदों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया है। राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने चौधरी के खिलाफ एक शिकायत पर संज्ञान लिया है। उन्हें 23 फरवरी तक आरोपों का जवाब देने के लिए कहा गया है। संसद के विगत शीतकालीन सत्र के दौरान एक दिसंबर को चौधरी आवारा कुत्ते को अपनी कार में संसद लेकर आई थीं। जब कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई तो उन्होंने कहा था कि अंदर बैठे लोग काटते हैं, कुत्ते नहीं। सूत्रों ने बताया कि भाजपा सांसद बृजलाल और इंदु बाला गोस्वामी ने चौधरी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। इसे राज्यसभा के सभापति ने विशेषाधिकार समिति को भेज दिया। समिति ने पिछले सप्ताह हुई अपनी बैठक में इस मामले पर गौर किया और चौधरी से लिखित जवाब मांगा।

## हादसा



पश्चिम बंगाल के पुरबा बर्धमान जिले के कटवा रेलवे स्टेशन पर एक खाली यात्री ट्रेन के डिब्बे में आग लग गई।

# एमपी-यूपी और राजस्थान में बारिश का अलर्ट



### पहाड़ों पर बर्फबारी के आसार; दक्षिण भारत के 4 शहरों में छाया कोहरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर में मौसम तेजी से बदल रहा है। पहाड़ी राज्यों में कड़ाके की ठंड जारी है, जबकि कई मैदानी इलाकों में दिन का तापमान 30 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार 16 फरवरी तक हिमालयी क्षेत्रों में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हैं।

17 फरवरी से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

वहीं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दिन का तापमान 30 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है।

### पहाड़ों में कड़ाके की ठंड, दक्षिण में कोहरा

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में जबरदस्त ठंड पड़ रही है। मुनस्यारी में पारा -25 डिग्री, बद्रीनाथ में -16 डिग्र और गंगोत्री में -20 डिग्री दर्ज किया गया। दक्षिण भारत के तमिलनाडु के तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेन्नई में घना कोहरा छाया है। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ और उडुपी में भी कोहरे का असर देखा गया। महाराष्ट्र के रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग में भी घना कोहरा बना हुआ है। वहीं हरियाणा और पंजाब में फिलहाल मौसम शुष्क है, लेकिन अगले दो दिनों में बदलाव की संभावना है।

### राजस्थान, एमी और यूपी में बारिश का अलर्ट

राजस्थान के कई जिलों में तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया है। बाड़मेर में शनिवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार 17-18 फरवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा, जिससे जयपुर और बीकानेर संभाग में हल्की बारिश हो सकती है।

मध्य प्रदेश में भी मौसम बदलने वाला है। ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग के 8 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। फिलहाल राज्य में दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश में कई शहरों का तापमान 30 डिग्री पार कर चुका है। वहीं दिल्ली-एनसीआरमें औसत तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया है और एक्यूआई खराब स्तर पर है।

# कर्नाटक : कार और बस की जोरदार टक्कर, हादसे में पांच लोगों की मौत

नई दिल्ली। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के पास नेलमंगला में कार और कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम बस की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना शनिवार आधी रात को हुई जब बेंगलुरु की ओर जा रही कार कथित तौर पर डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में चली गई और फिर सामने से आ रही एक बस से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### पांच जिगरी दोस्तों की मौत

कार तेज रफ्तार से चल रही थी और ड्राइवर का नियंत्रण खो गया होगा, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे में कार बुरी तरह डैमेज हो गई। मरने वाले सभी लोग 17-22 साल के युवा थे और डोड्डाबल्लापुरा के रहने वाले थे। बस में सवार सभी 43 यात्री बिना किसी बड़ी चोट के बच गए। एक्सीडेंट के बाद, बस के पैसेंजर को आगे के सफर के लिए दूसरी बस में भेज दिया गया।



मदनायकनहल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आगे की जांच चल रही है। जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस कार्तिक रेड्डी ने बताया कि एक्सीडेंट के कारण की जांच की जाएगी, और यह भी देखा जाएगा कि कार के ड्राइवर और उसमें बैठे लोगों ने शराब पी थी या नहीं।

पुलिस ने कहा कि हमने ब्लड सैंपल इकट्ठा किए हैं और जांच के लिए स्नस्रु भेज दिया है। उनका बैकग्राउंड भी वेरिफाई किया जा रहा है। एक पीड़ित की मां ने रिपोर्टर्स को बताया कि उसके बेटे ने उससे कहा था कि वह मंदिर जा रहा है और देर हो जाएगी।

एक मरने वाले लड़के की मां ने बताया कि उसका बेटा बड़ा हो गया था और सीसीटीवी कैमरा ऑपरेटर के तौर पर काम करता था। वे सभी मरने वाले दोस्त हैं, मुझे नहीं पता कि कार किसकी है।

# केरल में बस अड्डों पर फ्री लाइब्रेरी की शुरुआत

### फोन की जगह किताब से प्रेम जगाने की पहल

**केरल।** एक वक्त था, जब देश के रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर किताबों की दुकान होती थी। ट्रेन और बस से सफर करने वाले लोग वक्त काटने के लिए किताबें खरीदकर पढ़ते थे। लेकिन वक्त बदला और किताब की दुकानें सिमटते-सिमटते नाममात्र की रह गईं।

किताबों की जगह लोगों के हाथ में स्मार्टफोन आ गया और सफर कहानियां पढ़ने की बजाय रील देखने और फिल्में देखने में कटने लगा। लेकिन केरल में अब एक अनूठी पहल होने जा रही है। यहां फिर से लोगों में पढ़ने की आदत डालने के लिए अब फ्री लाइब्रेरी शुरू की जा रही है।

### बस स्टैंड पर फ्री लाइब्रेरी

दरअसल केरल स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट के बस स्टैंड पर अब निशुल्क पुस्तकालय खोले जा रहे हैं। इनका नाम पुस्तका कूडु रखा गया है। पुस्तका कूडु का अंग्रेजी में मतलब बुक नेस्ट होता है यानी किताबों का घोंसला।

इन लाइब्रेरी का संचालन केरल स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट का संगठन वायनशाला करेगा। केरल में पहला पुस्तक गांव भी बना है, जो पेरमकुलम में है। बस स्टैंड पर लाइब्रेरी शुरू करने की प्रेरणा भी इसी से मिली है।

## प्लास्टिक फ्री

### टूरिस्टों के लिए 6 तट खोले, यहां मछलियां पकड़ते थे, अब रोज 300 पर्यटक आ रहे

# कन्याकुमारी-मछुआरों के बच्चों ने 48 गांव प्लास्टिक फ्री किए

कन्याकुमारी। तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में हिंद महासागर के तट पर बसे 48 गांवों को वहां रहने वाले मछुआरों के बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त कर लिया है। साथ ही पर्यटकों के लिए 6 बीच तैयार कर दिए हैं।

करीब 15 किमी में फैले मछुआरों के गांवों के इन बीच पर पहले सिर्फ मछलियां ही पकड़ी जाती थीं। अब रोज यहां 250-300 पर्यटक पहुंच रहे हैं। यह सब बिना किसी एनजीओ के प्रयास या सरकारी फंड के मुमकिन हुआ है।

यहां 'नेगिजी इल्ला नेथल पडई' (प्लास्टिक मुक्त तटीय ब्रिगेड) नाम की पूरी टीम काम कर रही है। इसमें 850 स्कूली बच्चे और 500 ग्रेजुएट हैं। ये सभी इन्हीं गांवों के हैं। ये हर वीकेंड ग्रुप बनाकर गांवों व तट साफ करते हैं।



### 7 सालों से चल रही मुहिम

7 सालों से चल रही यह मुहिम इंजीनियर मेलबिन रॉबिन ने 2019 में शुरू की थी। उन्होंने 2017 के 'ओखी चक्रवात' में अपने दो भाइयों को खो दिया था।

चक्रवात के बाद उन्होंने देखा कि प्लास्टिक के मलबे की वजह से तबाही ज्यादा हुई थी। इसलिए दो दोस्तों के साथ तट की सफाई शुरू की।

यह ग्रुप किसी से फंडिंग या मदद नहीं मांगता। इकट्ठा किए प्लास्टिक को बेचकर जो पैसा मिलता है, उसी से वॉलंटियर्स के लिए दस्ताने, जूते और सफाई के उपकरण खरीदते हैं।

### मछुआरे अब समुद्र में नहीं फेंकते प्लास्टिक

वॉलंटियर्स ने मछुआरों को तैयार किया है कि वे समुद्र में इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक वापस जमीन पर लाएं। अब तक इस टीम ने तटों से 7,400 किलो प्लास्टिक कचरा हटाया है।

इसके साथ ही चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों में 1,200 से अधिक नारियल और जामुन के पेड़ लगाए गए हैं।

### सफाई का अनोखा मॉडल- कचरा लेकर आओ, साइकिल लेकर जाओ

मछुआरों के बच्चों की यह ब्रिगेड सिर्फ सफाई नहीं करती, बल्कि लोगों का व्यवहार बदल रही है। उन्होंने 'डोर-टू-डोर' दूध के पैकेट कलेक्शन की शुरुआत की है।

पिछले साल सिर्फ तीन गांवों से ही 5 लाख से ज्यादा दूध के पैकेट इकट्ठा कर रीसाइकिल के लिए भेजे गए। जो परिवार सबसे ज्यादा प्लास्टिक रीसाइकिल करता है, उसे यह ब्रिगेड साइकिल या अन्य जरूरी घरेलू सामान उपहार में देती है।

# संपादकीय

## शिक्षा क्षेत्र में कब आगे बढ़ेगा भारत

भारत की नियति इसके ज्ञान और शिक्षा से जुड़ी है। प्राचीन काल में विश्व गुरु कहलाने वाले भारत ने नालंदा और तक्षशिला जैसे संस्थानों से दुनिया को राह दिखाई थी। आज 21वीं सदी में सवाल यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी कब बनेगा?

भारत की विकास यात्रा में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। पिछले कुछ वर्षों में हमने साक्षरता दर और बुनियादी ढांचे में सुधार देखा है, लेकिन वैश्विक प्रतिस्पर्धा में शीर्ष पर पहुँचने के लिए हमें कुछ निर्णायक बदलाव करने होंगे।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### 1. नई शिक्षा नीति का सफल क्रियान्वयन

भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए नई शिक्षा नीति 2020 एक क्रांतिकारी ब्लूप्रिंट है। भारत तब आगे बढ़ेगा जब यह नीति कागजों से निकलकर जमीन पर उतरेगी।

**रटने के बजाय समझने पर जोर :** जब हमारा ध्यान परीक्षाओं में नंबर लाने के बजाय कौशल विकास पर होगा, तब हम नवाचारकर पाएंगे।

**मातृभाषा में शिक्षा :** शुरुआती शिक्षा मातृभाषा में होने से बच्चों की नींव मजबूत होती है, जिससे ड्रॉपआउट दर कम होती है।

### 2. अनुसंधान और नवाचार में निवेश

दुनिया के विकसित देश अपनी जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा शोध पर खर्च करते हैं। भारत शिक्षा के क्षेत्र में तब महाशक्ति बनेगा जब :

विश्वविद्यालयों में केवल डिग्री बांटने के बजाय रिसर्च कल्चर को बढ़ावा दिया जाएगा।

सरकारी और निजी क्षेत्र मिलकर शोध कार्यों में निवेश करेंगे।

छात्रों को नई तकनीक जैसे ढ्ढ, रोबोटिक्स और डेटा साइंस की व्यावहारिक शिक्षा दी जाएगी।

### 3. शिक्षा का लोकतंत्रीकरण और समान अवसर

भारत तभी आगे बढ़ेगा जब देश के सबसे पिछड़े गांव के बच्चे को भी वैसी ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले जैसी बड़े शहरों के निजी स्कूलों में मिलती है।

**डिजिटल डिवाइड को कम करना :** इंटरनेट और आधुनिक गैजेट्स तक सबकी पहुँच सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

**शिक्षकों का प्रशिक्षण :** बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के बाद भी एक अच्छा शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता होता है। शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों और तकनीक से लैस करना होगा।

### 4. उद्योग और शिक्षा के बीच तालमेल

वर्तमान में भारत में एजुकेटेड अनएम्प्लॉयमेंट (शिक्षित बेरोजगारी) एक बड़ी चुनौती है। इसका मुख्य कारण यह है कि जो स्कूलों/कॉलेजों में पढ़ाया जा रहा है, वह बाजार की जरूरतों से अलग है।

भारत तब आगे बढ़ेगा जब हमारे पाठ्यक्रम मार्केट ओरिएंटेड होंगे।

इंटर्नशिप और व्यावहारिक प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाकर छात्रों को रोजगार के योग्य बनाना होगा।

### 5. सामाजिक मानसिकता में बदलाव

शिक्षा का अर्थ केवल सरकारी नौकरी पाना नहीं, बल्कि एक प्रबुद्ध नागरिक बनना है। जब समाज डॉक्टर-इंजीनियर की भेड़चाल से बाहर निकलकर कला, खेल, साहित्य और उद्यमशीलता को समान महत्व देगा, तब भारत की वास्तविक प्रतिभा निखरेगी।

### चुनौतियां और भविष्य की राह

भारत के पास डेमोग्राफिक डिविडेंड (युवा आबादी) की ताकत है। यदि हम अपनी 65त्न युवा आबादी को सही शिक्षा और कौशल प्रदान कर सकें, तो भारत को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। हालांकि, इसके लिए बजट में शिक्षा पर आवंटन बढ़ाना और राजनीतिक इच्छाशक्ति को मजबूत करना होगा।

### निष्कर्ष

भारत शिक्षा के क्षेत्र में तब आगे बढ़ेगा जब शिक्षा केवल साक्षरता तक सीमित न रहकर संस्कार और कौशल का संगम बनेगी। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि एक नागरिक के तौर पर हमें भी ज्ञान आधारित समाज के निर्माण में योगदान देना होगा। जब हमारा युवा नौकरी खोजने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनेगा, तभी भारत विश्व गुरु के सिंहासन पर दोबारा विराजमान होगा।

## गुमशुदाओं की तलाश

पिछले दिनों दिल्ली में अप्रत्याशित रूप से लोगों की गुमशुदगी की घटनाओं ने नीति-नियंताओं व अदालतों समेत पूरे देश का ध्यान खींचा। इस मामले में संज्ञान लेते हुए देश की शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को इस बात की जांच करने के निर्देश दिए कि देश के विभिन्न इलाकों में बच्चों की लगातार लापता होने की घटनाओं में कहीं किसी देशव्यापी गिरोहों का हाथ तो नहीं है? संकट कितना बड़ा है यह इस बात से पता चलता है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार साल 2023 में सारे देश से करीब आठ लाख लोग लापता हुए हैं, जिनमें अधिकांशत-बच्चे, महिलाएं और लड़कियां शामिल रही हैं। जाहिर तौर पर लापता लोगों का बढ़ता आंकड़ा कहीं न कहीं तंत्र की लापरवाही को ही उजागर करता है, जिसके चलते अपराधी-तत्व अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। इसी साल जनवरी के पहले पखवाड़े में सिर्फ दिल्ली से आठ सौ लोगों के लापता होने की खबरों ने देशवासियों की चिंताओं को बढ़ाया है। देशवासियों में इस बात को लेकर भी चिंता और नाराजगी है कि इस गंभीर आपराधिक संकट के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के समन्वय से कोई व्यापक अभियान क्यों नहीं चलाया जाता। विडंबना यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कोई प्रामाणिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, जिससे यह पता चल सके कि राज्यवार कितने लोग वापस लौटे हैं और कितने लोग अभी भी गायब हैं। निश्चित रूप से इस संकट से निपटने के लिए एकीकृत राज्यवार ब्योरा उपलब्ध कराने की जरूरत है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार के प्रतिनिधि ने सुप्रीम कोर्ट में इस बात को स्वीकार किया है कि राज्यों से लापता बच्चों और उनसे जुड़े अभियोजन के अंतिम आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। दरअसल, यह पहली बार नहीं है कि शीर्ष अदालत ने लापता बच्चों के आंकड़े जुटाने को कहा हो। कोर्ट ने बीते साल दिसंबर में भी केंद्र सरकार से लापता बच्चों से जुड़े पिछले छह साल के देशव्यापी आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा था।

दरअसल, कोर्ट ने इस बाबत राज्य के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करके प्रामाणिक जानकारी जुटाने को कहा था। इतना ही नहीं, गुमशुदा बच्चों की तलाश के मामले में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के भी निर्देश दिए गए थे। इस दिशा में अपेक्षित प्रगति का न होना हमारे तंत्र की व्यवस्थागत कमियों को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से सारे देश से यदि लाखों लोगों के लापता होने के आंकड़े सामने आ रहे हैं, तो बहुत संभव है कि इसके पीछे कोई संगठित गिरोह काम कर रहा होगा। साथ ही यह भी पता लगाने की जरूरत है कि लापता लोगों के मामले में अपराधियों की कारगुजारियों में कहीं एकरूपता तो नहीं है। विगत में मानव तस्करी के मामले गाहे-बगाहे उजागर होते रहे हैं, जिसमें लड़कियों को देह व्यापार के धंधे में धकेलने के भी आरोप लगते रहे हैं। लेकिन इस संकट का समाधान तभी संभव होगा जब देश के सभी राज्यों से प्रामाणिक आंकड़े जुटाए जाएंगे।

# महिला सशक्तिकरण के दौर में 36 साल में बंगलादेश को मिला पहला पुरुष प्रधानमंत्री

अभिनय आकाश



साल 2024 के छात्र आंदोलन और शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद यह पहला मौका था जब देश में लोकतांत्रिक तरीके से नई सरकार चुनने के लिए मतदान हुआ। इस चुनाव को केवल नई संसद चुनने तक सीमित नहीं माना जा रहा बल्कि इसे देश के संविधान और शासन व्यवस्था में बड़े बदलाव की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

ये देश मुसलमानों का है, हिंदुओं का है, बौद्धों और ईसाइयों का भी है। 58 साल का शख्स जब ढाका के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपने कदम रखता है तो हजरों लोगों की भीड़ के बीच अपनी मिट्टी को सिर से लगाते हुए कुछ अंदाज में अपनी वापसी का ऐलान करता नजर आता है। 17 साल का वनवास काट अपने देश में दाखिल होने के दो महीने से भी कम समय बाद अब उसी शख्स से सिर पर देश के प्रधानमंत्री का ताज सजने वाला है। बांग्लादेश के इतिहास में 12 फरवरी 2026 का दिन एक बड़े बदलाव के रूप में दर्ज हो गया। साल 2024 के छात्र आंदोलन और शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद यह पहला मौका था जब देश में लोकतांत्रिक तरीके से नई सरकार चुनने के लिए मतदान हुआ। इस चुनाव को केवल नई संसद चुनने तक सीमित नहीं माना जा रहा बल्कि इसे देश के संविधान और शासन व्यवस्था में बड़े बदलाव की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। यह चुनाव अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार और नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस की निगरानी में संपन्न हुआ। इस चुनाव की सबसे ख़ास बात यह रही कि मतदाताओं ने केवल उम्मीदवारों को ही नहीं चुना बल्कि जुलाई चार्टर नाम के जनमत संग्रह पर भी अपनी मोहर लगाई। इसमें संविधान में व्यापक बदलावों का प्रस्ताव रखा गया है। जिनका मकसद राजनीति को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के चुनाव से बाहर रहने के कारण मुख्य मुकाबला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी और जमात इस्लामी के गठबंधन के बीच रहा।

तकरीबन 17 साल बाद देश में बिना आवामी लीग के नेतृत्व के चुनाव हुए जिन्हें आवामी लीग ने दिखावा ही बताया। तारिक रहमान पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। वह पिछले 17 वर्षों से लंदन में निर्वासन में रह रहे थे और चुनाव से ठीक तारिक रहमान 2008 में तारिक रहमान इलाज के लिए लंदन गए थे। उस समय उनके खिलाफ कई आपराधिक और भ्रष्टाचार से जुड़े मामले चल रहे थे। राजनीतिक दबाव भी बढ़ा हुआ था। इसी वजह से वह लंबे समय तक ब्रिटेन में रहे। एक साल में उच्च अदालतो ने तारिक रहमान को बढ़े मामलों में बरी कर दिया, जिनमें 2004 का ग्रेनेड हमला और जिया ऑफेनेज ट्रस्ट मामला शामिल है। इसके बाद उनकी राजनीतिक वापसी के कानूनी रास्ते साफ हुए। उनकी वापसी और पार्टी की ऐतिहासिक जीत ने उन्हें देश के अगले प्रधानमंत्री पद का सबसे मजबूत दावेदार बना दिया है। समर्थकों का मानना है कि उनके नेतृत्व में बांग्लादेश में स्थिरता और विकास का नया दौर शुरू होगा। इस चुनाव के साथ हुए जनमत संग्रह में 72त्न से ज्यादा मतदाताओं ने जुलाई चार्टर के पक्ष में वोट किया। इसके तहत कई बड़े सुधार प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सीमा तय करना, संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना, न्यायपालिका और पुलिस व्यवस्था में सुधार।

1971 से ही बांग्लादेश की नियति जीतने वाले के नक्शे कदम पर चलती रही है। जो जीतता है वह सब कुछ ले जाता है। जो हारता है उसे जेल की कोठरी देखनी पड़ सकती है। देश से भागना पड़ सकता है या फिर उसकी कब्र भी खोद सकती है। कहानी की शुरुआत 1975 से होती है। इसी बरस शेख हसीना के पिता मुजब उर रहमान की हत्या कर दी गई। उन्हें बंग बंधु के नाम से जाना जाता था।

आजादी के बाद वह देश के पहले राष्ट्रपति बने थे। लेकिन उनके राज में हालात बिगड़ गए थे। युद्ध की वजह से खजाना खाली था। सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार फैल रहा था। 1972 में मुजीब ने विद्रोह रोकने के लिए रखी वाहिनी नाम की एक फोर्स बनाई। लेकिन उस फोर्स पर ही हत्या और रेप के इल्जाम लगे। जनता का मोह भंग उनसे होने लगा। फिर तारीख आई 14 अगस्त 1975 बांग्लादेश की फौज के कुछ बागी अफसरों ने मुजीब और उनके परिवार के 18 लोगों की हत्या कर दी। किस्मत से उनकी दो बेटियां शेख हसीना और शेख रिहाना उस वक्त जर्मनी में थी। इसके बाद सत्ता जियाउ रहमान के हाथ में आई। अगले दशक में देश ने एक और सैन्य शासक देखा हुसैन मोहम्मद इरशाद के हाथ में सत्ता गई।

इन दोनों सैन्य शासकों ने एक ही एजेंडा चलाया। आवामी लीग का नामोनिशान मिटा दो। उन्होंने उन ताकतों को वापस जिंदा किया जो 1971 में आजादी के खिलाफ थी ताकि आवामी लीग की लोकप्रियता को टक्कर दी जा सके। 1990 के दशक के आखिर आखिर तक इरशाद के खिलाफ माहौल बनने लगा था। तब एक दिलचस्प वाकया हुआ। दो जानी दुश्मन एक साथ आ गई। शेख हसीना और खालिदा जिया दोनों ने मिलकर के इरशाद को गद्दी से उतार फेंका। लेकिन यह दोस्ती बस मतलब भर की थी। दोनों जब ताकतवर हुई तो 1991 से एक नया दौर शुरू हुआ जिसे बेगमों की जंग कहा जाता है। बैटल ऑफ द बेगम्स। एक ही ढर्रा था जो गद्दी पर बैठेगा वो सामने वाले का धंधा बंद करवा देगा। 1991 में खालिदा जीती। 1996 में हसीना जीती। 2001 में फिर खालिदा जिया जीत गई। 2006 आते-आते सड़कों पर खून खराबा शुरू हो गया था। जब नेताओं से बात नहीं संभली तो फौज ने कहा कि अब हम संभालेंगे। 2007 में इमरजेंसी लगा दी गई और हसीना खालिदा दोनों को जेल में डाल दिया गया। फिर 2008 में चुनाव हुए। शेख हसीना ने ऐसी वापसी की कि अगले 15 साल तक गद्दी पर बनी रहीं। इस दौरान जमात के नेताओं को फांसी हुई। 2018 में खालिदा जिया जेल गई।

### अवामी लीग की दूरी

देश के इतिहास में यह पहली बार है, जब शेख हसीना की पार्टी चुनाव में नहीं है। यह अवामी लीग का अपना फैसला नहीं था, बल्कि उस पर थोपा गया। जो पार्टी बांग्लादेश की मुक्ति से लेकर अभी तक, उसके हर राजनीतिक-सामाजिक बदलाव की साक्षी रही है, उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर करना सही तो नहीं कहा जा सकता।

बीएनपी या जमात सत्ता में जो भी आए, उसके ऊपर सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी देश की जनता की ख्वाहिशों को पूरा करने की। अंतरिम सरकार आम लोगों में भरोसा जगाने में असफल रही है। चुनाव में बीएनपी की जीत तय मानी जा रही है। अगर ऐसा होता है तो उसके सामने जनता की कसौटी पर खरा उतरने की चुनौती होगी।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3802



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3801 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक चोर अदालत में अपनी गवाही देने खुद ही खड़ा हो गया। वहाँ खड़ा होकर जब वह अनाप-शनाप बकने लगा तो न्यायाधिश ने झुँझलाकर कहा- तुमको तो ठीक से झूठ भी नहीं बोलना आता।

चोर- तो मैं क्या करूँ महोदय।

न्यायाधिश- तुम एक वकील को अप्वाइंट क्यों नहीं कर लेते। ताकि तुम आसानी से झूठ बोल सको।

□ □ □

ब्यूटी-क्लीनिक पहुँची एक महिला डॉक्टर से बोली- मेरे चेहरे को और सुंदर बनाने के लिए क्या फीस लगेगी?

डॉक्टर साहब (गंभीर होकर बोले)- पाँच हजार पाँच सौ रुपए।

निराश होकर महिला बोली- इससे सस्ता कोई उपाय नहीं है क्या? सुझाइए न!

डॉक्टर साहन ने सलाह दी- इससे सस्ता उपाय भी है...। आप बस घूँघट काढ़ना शुरू कर दीजिए।

□ □ □

प्रेमी (प्रेमिका से)- क्या तुम जानती हो, संगीत में इतनी शक्ति है कि उससे पानी भी गरम हो सकता है।

प्रेमिका- हाँ हाँ क्यों नहीं! तुम्हारा गाना सुन कर मेरा खून खौल सकता है, तो फिर पानी क्यों नहीं?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3802



**बायें से दायें:-**

१. मनोज वाजपेयी, अरशद, तब्बू, की 'बाब मेरी ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँखें' ती नायिका कौन थी-२
१२. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'राधा ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लारा दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की 'मैं क्या करूंराम' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सौनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लक्की अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आलारे पाउस अला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रामेश्वरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो' गीत वाली फिल्म-३
१८. राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१९. 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हुँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3801



## सूडोकु -3802

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3801 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्द पहेली - 3802



**बाएँ से दाएँ**

1.मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5.संपत्ति-4
9.कटि,पीठ -3
10.प्रणाम,नमस्कार-3
12.अधीन-2
14.पितामह-2
15.कार्य-2
16.पराजय-2
17.अच्छे कुल का-3
19.तरंग,हिलोर-3
21.एक प्रकार की दाल-3
22.ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24.गगन,आकाश-4
25.स्वच्छ करना-5
26.आश्चर्यजनक-4
29.जो लायक न हो-4
33.उल्टी,कै-3
34.रनिवास,जनवासा-3
36.पंक्ति,लाइन-3
37.सुर,लय,आलाप-2
38.दंड,शिक्षा-2
39.पराजय-2
41.झुका हुआ -2
42.कर्म,भाग्य-3
43.भार-3
45.भूल,गलती (उर्दू-4)
46.भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.मां का दुलार-3
4.ताली की आवाज-4
5.अनुभवी-4
6.जुड़वा-3
7.दक्षिणा-2
8.राम के पुत्र-2,2
11.अभिलाषा,-4
13.क्रूस,सूली-3
16.पाचनशक्ति-3
18.ईसाई साध्वी-2
20.जीवनसाथी -5
21.गरबा,नृत्य-2
23.मालिश-3
24.दर्पण,शीशा-3
26.ईश्वर-4
27.बाग,गुलिस्तां-3
28.क्रिकेट में बनते हैं-2
30.दुलारा,पुत्र-2
31.भरोसा,विश्वास-3
32.करामात-4
34.शेविंग करना-4
35.हाथी साधने वाला-4
38.आसान,सीधा-3
40.कपड़े धोने वाला-3
42.बलगम-2
44.सरिता-2

### शब्द पहेली -3801 का हल



# मंदिर के पास गड्ढे में डूबा तीन साल का बच्चा

## बुलंदशहर का परिवार भंडारे में शामिल होने आया था, मासूम खेलते-खेलते गिर गया



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दलेलगढ़ गांव में रविवार को एक तीन वर्षीय बच्चे की गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। यह गड्ढा सरकारी जमीन पर बना था। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, दलेलगढ़ गांव निवासी अनिल की बेटी अंजलि कुछ दिन पहले ही अपने ससुराल सिकंदराबाद (बुलंदशहर) से अपने तीन वर्षीय बेटे देवांश और बेटी के साथ मायके आई थीं। रविवार को घर के पास स्थित मंदिर में भंडारे का आयोजन चल रहा था, जिसमें परिवार के लोग बच्चों के साथ शामिल होने गए थे। इसी दौरान खेलते-खेलते मासूम देवांश पास ही सरकारी जमीन पर बने गहरे गड्ढे में भरे पानी में गिर गया। काफी देर तक देवांश के नजर न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान बच्चा गड्ढे के पानी में मिला। परिजन उसे तत्काल बाहर निकालकर अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना से परिवार सदमे में है। ग्रामीण अमित भाटी ने आरोप लगाया है कि 4 जनवरी को ही इस गड्ढे में जलभराव की शिकायत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों ने बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## झगड़े में व्यक्ति को छत से फेंकने का आरोप

**नोएडा।** सेक्टर-5 हरोला में झगड़े में एक युवक को छत से फेकने का आरोप पति-पत्नी पर लगा है। घायल युवक का इलाज दिल्ली के अस्पताल में चल रहा है। आरोप है कि शराब के नशे मे झगड़ा बढ़ने पर एक व्यक्ति और उसकी पत्नी ने मिलकर युवक के साथ मारपीट की और फिर उसे मकान की छत से नीचे फेंक दिया। घायल युवक के भाई ने शिकायत देकर फेज-1 थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। बिहार अररिया के रहने वाले मुकेश कुमार महत्तो ने पुलिस को बताया कि उनका 26 वर्षीय भाई नितिश कुमार काम की तलाश में नोएडा आया था। वह 8 फरवरी को हरौला सेक्टर-5 स्थित आकाश के घर रुका हुआ था। नितिश और आकाश ने साथ बैठकर शराब पी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। मुकेश का आरोप है कि झगड़ा बढ़ने पर आकाश और उसकी पत्नी ने नितिश के साथ मारपीट की और फिर उसे मकान की छत से नीचे फेंक दिया।

# शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

### हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से गूंजे मंदिर

**गौतम बुद्ध नगर।** पूरे देश में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। शिवालयों में सुबह से ही शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। मंदिरों में हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा में भी ऐसा ही उत्साह देखने को मिला। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए कावड़ियों ने मंदिरों में गंगाजल चढ़ाया। सुबह से ही श्रद्धालु शिवलिंग पर दूध और जल अभिषेक करने के लिए पहुंच रहे थे।

हरिद्वार से कावड़ लेकर आए शिवभक्त सोनू ने बताया कि वह कई वर्षों से लगातार हरिद्वार से कावड़ ला रहे हैं। उन्होंने कहा, ढाई सौ किलोमीटर का सफर पता ही नहीं चलता कब पूरा हो जाता है। मैंने शिव से कभी कुछ नहीं मांगा, उन्होंने मांगने से पहले ही सब कुछ दिया है।

उनके साथ कावड़ लेकर आए शिवभक्त संजय ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से लगातार हरिद्वार से कावड़ ला रहे हैं, और एक बार गोमुख से भी कावड़ लाए थे। संजय के अनुसार, शिव की कृपा है कि इस पैदल शिव यात्रा में पता ही नहीं चलता कैसे पूरा सफर कट जाता है।



मंदिर में आए भक्तों ने बताया कि आज का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज ही के दिन भगवान महादेव का विवाह हुआ था।

## शार्ट न्यूज

### गांजे के साथ दिल्ली का तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** शहर के अलग-अलग हिस्से में चोरी और गांजे की तस्करी करने वाले शातिर को सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने रविवार को थानाक्षेत्र से दबोच लिया। बदमाश के पास से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ है। उसकी पहचान दिल्ली के मोहम्मद सलमान उर्फ विनय उर्फ शान के रूप में हुई है। आरोपी का जब पुलिस ने आपराधिक इतिहास पता किया जो उसके खिलाफ दिल्ली के अलग-अलग थानों में 15 केस विभिन्न धाराओं में दर्ज होने की जानकारी मिली। ज्यादातर केस चोरी की धाराओं में दर्ज हैं। 28 वर्षीय सलमान पूर्व में भी कई बार दिल्ली से जेल जा चुका है।जेल से बाहर आने के बाद सलमान ने गांजे की तस्करी करना शुरु किया। पुलिस को चकमा देने के लिए उसने अपने कई नाम रखे थे।

### ओटीएस शिविर 24 स्थानों पर लगे

**नोएडा।** विद्युत निगम ने ओटीएस योजना के तहत रविवार को जिले में 24 स्थानों पर शिविर लगाए ।इनमें सौ से कम लोगों ने पंजीकरण कराया। अभी ओटीएस का तीसरा चरण चल रहा है। अब तक 50 प्रतिशत बकायेदार उपभोक्ताओं ने भी योजना के तहत पंजीकरण नहीं कराया है। योजना को समाप्त होने में अभी दो सप्ताह बचे हैं। ऐसे में शेष उपभोक्ताओं का पंजीकरण करना विद्युत निगम के चुनौती बना हुआ है। इस रविवार को महाशिवरात्रि होने की वजह से चुनिंदा उपभोक्ताओं ने ही योजना के तहत पंजीकरण कराया है। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता रितेश आनंद ने बताया कि बकायेदारों के घर-घर जाकर योजना के लाभों की जानकारी दी जा रही है।योजना खत्म होने के बाद कोई राहत नहीं दी जाएगी।

### दो कारों की टक्कर से जाम लगा

नोएडा। सेक्टर-63 में शनिवार देर रात तेज रफ्तार दो कारों की टक्कर से एक कार पलट गई। कार में सवार लोगों को मामूली चोट आई। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की निराला ग्रीनशायर सोसाइटी निवासी अभिनीत राय ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार रात पत्नी और बेटी के साथ घर लौट रहे थे। गढ़ी गोलचक्कर के पास एक वाहन चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इसके कारण उनकी कार पलटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार उन्हें और उनकी पत्नी को चोट आई।आरोप है कि दूसरी कार का चालक नशे की हालत में था और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। पुलिस शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### महागुण मार्डन के इटर्निया टावर में लगी आग

नोएडा। सेक्टर-78 स्थित महागुण मार्डन सोसाइटी के इटर्निया टावर के भूतल के फ्लैट में आग लग गई। शनिवार रात करीब 2: 38 लगी आग से फ्लैट का रूम जल गया। करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। सोसाइटी के एओए अध्यक्ष वाईपी गुप्ता ने बताया कि शनिवार की रात आग लगने के बाद मौके पर सुरक्षाकर्मी पहुंच गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया। फ्लैट के एक कमरे में लगी जिसमें फ्लैटधारक बेटी के साथ सो रहा था। बताया जा रहा है कि निवासी बेसुध अपने कमरे में सो रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। आग लगने का कारण फिलहाल चार्जर में सार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि अभी यह पूरी तरह से साफ नहीं है। इस दौरान सात-आठ मिनट बाद अग्निशमन का पाइप खुल सका। उन्होंने बताया कि मौके पर सिर्फ दो स्प्रिंकलर काम कर रहे थे। इसी वजह से कमरे में रखा सारा सामान जल गया। निवासियों का कहना है कि कमरे में सामान ज्यादा फैला था, जिस पर आग फैलती चली गई।

### हूटर बजाकर दौड़ाई कार, जाम लगने पर की मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर-63 छिजारसी के पास बिन नंबर प्लेट की कार हूटर बजाकर दौड़ाने और जाम लगने पर मारपीट करने की घटना सामने आई है। पीड़ित ने हुड़दंग करने वाले कार चालक के खिलाफ शिकायत देकर सेक्टर-63 थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चोटपुर कॉलोनी निवासी राहुल ठाकुर ने शिकायत में बताया है कि 13 फरवरी की दोपहर करीब 12: 30 बजे बच्चों को लेने के लिए उसके स्कूल जा रहे थे। जब वह आश्रम रोड के निकट पुस्ता रोड पर पहुंचे तो वहां जाम लगा हुआ था। अचानक सामने से एक सफेद रंग की बिना नंबर की कार हूटर बजाते हुए आई। उसके चालक ने शीशे से निकलकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपी शिकायतकर्ता के पास आया और गला दबाकर घूंसे मारने लगा और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद जब लोग एकत्र होने शुरू हुए तो आरोपी भाग गया। घटना के दौरान शिकायतकर्ता की 22 ग्राम वजनी सोने की चेन भी गायब हो गई।

### नोएडा एलिवेटेड रोड पर स्कॉर्पियो सवार युवकों ने परिवार को रोक कर धमकाया

नोएडा। नोएडा एलिवेटेड रोड पर सेक्टर-18 से 60 की तरफ जा रही कार तेज रफ्तार स्कार्पियो से हल्का टकरा गई। इससे स्कार्पियो सवार युवकों ने कार को रुकवा लिया। कार में परिवारीजन सवार थे जिनमें महिला भी थी। आरोप है कि स्कार्पियो सवार युवकों ने अभद्र शब्द बोले और धमकाया भी। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें हैरान-परेशान दिख रही महिला सफाई में यह कहती हुई दिखाई दे रही है कि मैंने कुछ नहीं किया। सेक्टर-24 थाना पुलिस ने शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। स्कार्पियो सवार युवकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। थाना पुलिस ने बताया कि फिरोजाबाद निवासी निशांत नोएडा में रिश्तेदार के घर आए हुए थे। वह दो दोस्त और एक महिला रिश्तेदार के साथ शिफ्ट कार से सेक्टर 18 से एलिवेटेड होते हुए सेक्टर 71 की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान उनकी शिफ्ट कार एनटीपीसी के सामने स्कार्पियो से थोड़ी सी टकरा गई। स्कार्पियो सवार दो-तीन युवकों ने कार रुकवा ली।

### मनमाना किराया वसूल रहे ऑटो, ई-रिक्शा चालक

**नोएडा।** सेक्टर-18, सेक्टर-62, सेक्टर-15, नोएडा सिटी सेंटर और बॉटनिकल गार्डन जैसे इलाकों में ऑटो और ई-रिक्शा चालक लोगों की मजबूरी का फायेदा उठाकर मनमाना किराया वसूल रहे हैं। चंद दूरी के लिए चालक 20 से 40 रुपये तक किराया लिया जा रहा है। पीक समय में किराया अचानक बढ़ा दिया जाता है। वहीं, रात में अतिरिक्त चार्ज के नाम पर जेब ढीली करवाई जाती है। दफ्तर और स्कूल के समय सेक्टर-18 से सेक्टर-62 या बॉटनिकल गार्डन, सेक्टर 52 जैसे रूट पर यात्रियों को तय दर से अधिक किराया देना पड़ता है। सुबह और शाम के समय सेक्टर 15 मेट्रो स्टेशन और सिटी सेंटर के आसपास किराया दोगुना तक पहुंच जाता है। यात्रियों का आरोप है कि मना करने पर ऑटो चालक बैठाने से ही इंकार कर देते हैं। वहीं, रात के समय सेक्टर 62, सेक्टर 18 और सेक्टर 52 से घर लौटने वाले लोगों से 50-80 रुपये तक अतिरिक्त वसूले जाते हैं। सुरक्षा और खाली वापसी का हवाला देकर किराया बढ़ा दिया जाता है। किराया कम करने की बात कहने पर चालक नोकझोंक करने लगते हैं।

### एनआईओएस में पहली से आठवीं में भी बढ़ रहे दाखिले

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर के अभ्यर्थी अब शिक्षा के महत्व को बेहतर ढंग से समझ रहे हैं। यही वजह है कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) में केवल 10वीं और 12वीं नहीं बल्कि कक्षा पहली से आठवीं में भी दाखिले बढ़े हैं। आंकड़ों के अनुसार 2023 में कक्षा 1 से 8 तक कुल 2,929 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। 2024 में यह संख्या बढ़कर 3,322 हो गई। यानी एक साल में 393 विद्यार्थियों की बढ़ोतरी हुई। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि वैकल्पिक और लचीली शिक्षा प्रणाली के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। 2025 में 8,65 दाखिले दर्ज हो चुके हैं। संबंधित अधिकारियों के अनुसार अंतिम आंकड़ा जोड़ना अभी बाकी है।

## ग्रेटर नोएडा : 4 खनन माफियाओं पर केस

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र स्थित मेहंदीपुर गांव में कृषि भूमि पर अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार खनन माफियाओं के खिलाफ रविवार को केस दर्ज कर लिया है। गाजियाबाद के शाहपुर बम्हेटा गांव निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मेहंदीपुर गांव में उनकी कृषि जमीन है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेहंदीपुर गांव के कामिल खां, अब्बास खां, अख्तर खां और प्रदीप भाटी नामक खनन माफियाओं ने उनकी जमीन से जेसीबी का उपयोग कर अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया। शिकायत के अनुसार, जब जमीन के सह-हिस्सेदार बॉबी ने प्रदीप भाटी को फोन किया, तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। बॉबी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए। पीड़ित के वहां से जाने के बाद आरोपियों ने दोबारा खनन शुरू कर दिया। पीड़ित ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि खनन माफिया उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं।

# सोसाइटी में बिना मजल कुत्ते टहलाने पर विवाद

### निवासियों और डॉग ऑनर में बहस, पुलिस में शिकायत दर्ज

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र स्थित अजनारा होम्स सोसायटी में बिना मजल के कुत्ता टहलाने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान निवासियों और डॉग ऑनर के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार, सोसायटी के टावर एन का एक निवासी अपने कुत्ते को टावर एल के पास बिना मजल के टहला रहा था।

आरोप है कि पालतू कुत्ते के पीछे कई आवारा कुत्ते भी आ गए, जिससे पार्क में बच्चों के साथ मौजूद एक महिला दहशत में आ गई।

जब अन्य निवासियों ने नियमों की अनदेखी पर डॉग ऑनर को टोका, तो उसने बहस करना शुरू कर दिया। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

स्थानीय निवासी चंदन सिन्हा ने बताया कि परिसर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और पालतू कुत्तों के नियमों में लापरवाही के कारण बच्चे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। निवासियों का आरोप है कि कुत्ते काटने की बढ़ती घटनाओं के बावजूद अनिवार्य नियमों का पालन नहीं हो रहा है।

इसी तरह की एक घटना में, एक व्यक्ति बिना मजल के कुत्ते को घुमा रहा था। जब उसे टोका गया, तो उसने बहसबाजी शुरू कर दी। इस मामले में चेरी काउंटी चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई है।

# बीमा कंपनी के कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक से अभद्रता

**नोएडा।** सेक्टर-आठ स्थित एक निजी बीमा कंपनी के कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक के साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ फेज-वन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दिल्ली के प्रीतमपुरा निवासी डॉक्टर चेतन तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी (टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस) के नोएडा स्थित कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी में मेडिकल दावा से जुड़ी कुछ गड़बड़ियों को लेकर जांच चल रही है। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ पॉलिसी धारकों ने गलत तरीके से दावा लिया है और एक ही बीमारी का दावा अन्य कंपनियों से भी लिया है।इसी सिलसिले में उन्होंने ममता देवी को कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। आरोप है कि महिला खुद नहीं आई, बल्कि उनकी जगह तीन लोग कार्यालय आए। उनमें से एक ने अपना नाम संजय बताया और कहा कि ममता को क्यों बुलाया जा रहा है, जो बात करनी है उनसे की जाए। प्रबंधक के अनुसार उन्होंने साफ कहा कि दावा ममता देवी के नाम से है, इसलिए बात भी उन्हीं से होगी। इस पर संजय और उसके साथ आए दो अन्य लोग आक्रोशित हो गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर धक्का-मुक्की की और जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा होने से कार्यालय का माहौल बिगड़ गया। अन्य कर्मचारियों के बीच-बचाव के बाद तीनों आरोपी वहां से चले गए, लेकिन जाते-जाते धमकी देकर गए। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डूब क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित करने का आरोप

**नोएडा।** गाजियाबाद सिंचाई विभाग में कार्यरत अधिकारी ने हिंडन के डूब क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने का आरोप लगाया। इस मामले में एक नामजद और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता सींचपाल राजेंद्र चंद्र ने पुलिस को बताया कि शासन ने वर्ष 2010 में नदियों के बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण और अतिक्रमण को रोकने के आदेश दिए। इसके मद्देनजर हिंडन का तटवर्ती बंध नदी के दाएं किनारे पर नोएडा को बाढ़ से सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया है इस बांध के गांव हैबतपुर के खसरा नंबर-350 डूब क्षेत्र की जमीन है। आरोप है कि बहलोलपुर निवासी रामवीर यादव अवैध रूप से पुस्ता रोड पर कॉलोनी विकसित कर रहा है। यही नहीं, लोगों को झूठ बोलकर डूब क्षेत्र में भूखंड बेच रहा है और निर्माण कर रहा है। इस क्षेत्र में यदि बाढ़ आई तो सभी घर डूब जाएंगे।

# वेव सिटी में किसानों ने निर्माण कार्य रुकवाया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वेव सिटी सेक्टर-1 में शनिवार शाम निर्माणाधीन ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट एस.के.ए. डिवाइन को लेकर विवाद बढ़ गया। यह परियोजना प्रासु बिल्डकन एल.एल.पी. द्वारा विकसित की जा रही है। बिल्डर पक्ष का आरोप है कि करीब 50 लोगों की भीड़ ने साइट पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया और कामगारों को धमकाया। वहीं किसानों का कहना है कि उनकी जमीन पर जबरन कब्जा किया गया है और वे अपनी जमीन की स्थिति देखने पहुंचे थे।

प्रोजेक्ट के साइट इंचार्ज मोहित अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि 14 फरवरी 2026 की शाम करीब 8 बजे कुछ लोग साइट पर पहुंचे। उन्होंने मजदूरों और कर्मचारियों से गाली-गलौज की, निर्माण कार्य बंद करने की चेतावनी दी और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। बिल्डर पक्ष का कहना है कि प्रोजेक्ट को जीडीए और यूपी रेरा सहित संबंधित विभागों से सभी आवश्यक एनओसी प्राप्त हैं और नियमों के तहत ही निर्माण कार्य चल रहा है।

दूसरी ओर, किसानों की तरफ से अनुज चौधरी ने बताया कि 14 फरवरी को वेव सिटी निगम पार्क काजमीपुरा में पीड़ित किसानों की एक पंचायत बुलाई गई थी। इसमें आगे की रणनीति पर चर्चा की गई, जिसकी अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष विजेंद्र चौधरी ने की। किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है, इसलिए एकजुट होकर वे साइट पर पहुंचे और काम रुकवाया।

बिजेंदर चौधरी ने कहा कि जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। अनुज चौधरी ने यह भी बताया कि फिलहाल एसके बिल्डर का काम बंद कराया गया है और जरूरत पड़ने पर आगे अन्य निर्माण कार्य भी रुकवाए जाएंगे।

# परी चौक को जाममुक्त करने की योजना आगे नहीं बढ़ी

### नए डिजाइन की योजना फाइलों में अटकी

**ग्रेटर नोएडा।** परी चौक को जाम मुक्त बनाने के नए डिजाइन की योजना फाइलों से आगे नहीं बढ़ रही। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संगठन, आईआईटी रुड़की सहित एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रों से सर्वेक्षण कराया जा चुका है। विशेषज्ञ कई बार प्राधिकरण के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण भी दे चुके हैं। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान सेवा शुरू होने के बाद ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर वाहनों का दबाव और बढ़ जाएगा।परी चौक पर जाम की समस्या पहले से ही बनी हुई है। यहां हर रोज दो लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। एयरपोर्ट चालू होने के बाद यहां जाम का संकट और बढ़ने की आशंका है। औद्योगिक नगरी होने की वजह से अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोग ग्रेटर नोएडा आते हैं। भारी वाहनों की भी आवाजाही लगी रहती है। बुलंदशहर, सिकंद्राबाद, दनकौर और कासना की



तरफ से आने वाले वाहन परी चौक से होकर ही नोएडा, फरीदाबाद और दिल्ली जाते हैं। इसी तरह से दिल्ली और नोएडा की तरफ से आने वाले वाहन परी चौक से होते हुए बुलंदशहर और सिकंद्राबाद की तरफ जाते हैं। सूरजपुर- कासना मार्ग से होकर जाने वाले वाहन भी यहीं से होकर जाते हैं। परी चौक सूरजपुर-कासना मार्ग पर स्थित है। परी चौक को 30 साल पहले डिजाइन किया गया। इस दौरान शहर का विस्तार और दिल्ली एनसीआर के शहरों में वाहनों की संख्या बढ़ने से परी चौक वाहनों का दबाव झेलने की स्थिति में नहीं है। इसको देखते हुए प्राधिकरण के अधिकारी नया डिजाइन तैयार कराना चाह रहे हैं। एलिवेटेड रोड और अंडरपास की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। नया डिजाइन ऐसा होगा कि परी चौक की पहचान समाप्त न हो।

यह दिक्कत आ रही परी चौक पर जाम से निजात के लिए एलिवेटेड रोड और अंडरपास का निर्माण किया जा सकता है, लेकिन इसकी राह में फिलहाल सबसे बड़ी बाधा गाजियाबाद से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक प्रस्तावित रैपिड रेल परियोजना बनी हुई है। रैपिड रेल का रूट यहीं से होकर गुजर रहा है। परी चौक के पास स्टेशन भी प्रस्तावित है।

जाम के लिए ये उपाय किए परी चौक पर जाम की समस्या पैदा न हो, इसके लिए नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट व तुगलपुर की तरफ जाने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर कुछ नए कट बनाए गए हैं। एक्सप्रेसवे के रास्ते नोएडा की तरफ से आने वाले वाहनों को दाएं मुड़ना प्रतिबंधित है। बाएं मुड़कर अल्फा-1 कमर्शियल से घूमकर आना पड़ता है। इसके बाद भी ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है।

इन सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव अधिक- गाजियाबाद वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सूरजपुर, एलजी चौक और परी चौक कासना मार्ग। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर चौड़ी सड़क। सिरसा गोलचक्कर से खेरली नहर तिराहा तक। दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) मार्ग।

> परी चौक को जाम मुक्त बनाने की योजना पर काम चल रहा है। भविष्य को देखते हुए इसे नए तरीके से डिजाइन किया जाएगा। विशेषज्ञों से सलाह ली जा रही है। नोएडा एयरपोर्ट के लिए प्रस्तावित रैपिड रेल का काम पूरा होने के बाद ही परी चौक पर कुछ किया जा सकता है।
> **रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा**

# सिर में पिस्टल सटाकर मारी गई थी दोनों को गोली

### वेलेंटाइन डे पर युवक ने कार में प्रेमिका को गोली मार खुद भी की थी आत्महत्या, पोस्टमार्टम में दोनों के सिर में फंसी मिली गोली



नोएडा। वेलेंटाइन डे वाले दिन शनिवार को सेक्टर-107 में गोली लगने के बाद कार में मृत मिले प्रेमी व प्रेमिका का पोस्टमार्टम शनिवार देर शाम तक हुआ। रविवार को आई रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि दोनों के सिर में गोली फंसी हुई थी। इससे पुलिस यह अंदाजा लगा रही है कि सिर में पिस्टल सटाकर गोली मारी गई थी। पिस्टल लाइसेंसी न होकर अवैध थी इसलिए गोली सिर में ही फंसी रह गई। अंदर से बंद कार में युवक-युवती मृत मिले थे, युवक के हाथ में पिस्टल थी। पुलिस ने यह माना है कि युवक ने पहले अपनी प्रेमिका को गोली मार कर हत्या की फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या की। दोनों के बीच वर्षों से प्रेम-प्रसंग था।

लेकिन युवती का परिवार इसके तैयार नहीं था। घटना के बाद आरोप दोनों ही परिवारों की तरफ से लगाए गए हैं। लेकिन पुलिस को लिखित शिकायत किसी पक्ष ने अभी नहीं दी है। रविवार को मृतक सुमित का अंतिम संस्कार दिल्ली में जबकि युवती रेखा का नोएडा में किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच करीब एक साल पहले से अलगाव चल रहा था और युवती शादी नहीं करना चाहती थी। दिल्ली का सुमित और सलारपुर की रेखा एक-दूसरे को लंबे समय से जानते थे। दोनों ने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई साथ की थी और बाद में रिश्ते में आ गए थे। लेकिन समय के साथ रेखा ने सुमित से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। रेखा के परिवारीजन ने पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी खुद सुमित से शादी नहीं करना चाहती थी। बेटी के लिए परिवार दूसरी जगह रिश्ता देख रहा था। इस बात से सुमित परेशान था। सुमित (32) पानी का कारोबार कर रहा था और जिला स्तर पर क्रिकेट भी खेलता था।

# गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर उमड़ी भीड़

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के प्राचीन दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मंदिर के कपाट रात 12 बजे खुलते ही भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लग गईं। देखते ही देखते ये कतारें मंदिर परिसर से बाहर सड़कों तक फैल गईं। पूरा इलाका हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा।

महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। दूर-दराज के जिलों और पड़ोसी राज्यों से भी भक्त गाजियाबाद पहुंच रहे हैं। कई श्रद्धालु परिवार के साथ, तो कई समूह में भजन-कीर्तन करते हुए मंदिर पहुंचे। हाथों में जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और फूल लेकर भक्त अपनी बारी का धैर्यपूर्वक इंतजार करते दिखे। सुबह होते-होते भीड़ में और वृद्धि हुई।

महाशिवरात्रि को भगवान शिव और माता शक्ति के मिलन का पवित्र पर्व माना जाता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन सच्चे मन से जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करने से जीवन की परेशानियां दूर होती हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आरती का भी आयोजन किया गया है।

# बाइक में आग लगने से महिला जिंदा जली, मौत

## पिकअप और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर, पति गंभीर घायल

देवरिया। देवरिया में एक शिक्षक की पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई। गांव में महाशिवरात्रि की पूजा थी। इसी कारण रविवार सुबह चार बजे दोनों गांव जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार पिकअप और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पति दूर जाकर गिर गया, जबकि पत्नी बाइक पर ही रह गई।

उसी दौरान गाड़ी में भीषण आग लग गई। तेज चीखने की आवाज सुनाई दी। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक पिकअप और बाइक दोनों जलकर राख हो चुकी थीं। ड्राइवर गाड़ी से उतरकर फरार हो गया। पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला खुखुंदू थाना क्षेत्र के मगहरा चौराहे का है।

### अब जानिए पूरा मामला

बरहज थाना क्षेत्र के अमाव गांव



निवासी गिरीजा शंकर मिश्र (52) अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह सलेमपुर के एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं।

उनकी पत्नी रेनू मिश्र (47) उनके साथ सलेमपुर में किराए के मकान में रहती थीं। महाशिवरात्रि के चलते रविवार और सोमवार को स्कूल में अवकाश था। गांव के मंदिर में पूजा रखी गई थी।

रविवार को दंपत्ति बाइक से गांव के लिए निकले। सलेमपुर से करीब 8 किलोमीटर आगे पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही एक मटर लदी पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद शिक्षक गिरीजा शंकर दूर जा गिरे, जबकि उनकी पत्नी सड़क पर गिर गईं। इसी दौरान बाइक की टंकी फट गई और तेज धमाके के साथ आग लग गई।

### आग लगने के बाद 10 फीट लपटें उठी

आग की लपटें पिकअप तक पहुंच गईं। चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। आग देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

पुलिस को मौके से मृतका का आईकार्ड मिला, जिससे उनकी पहचान हुई। रेनू मिश्र की घटनास्थल पर ही जलकर मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बागपत में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बागपत।** बागपत के खेकड़ा तहसील क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना पाठशाला के समीप हुई, जहां सकरोध गांव निवासी राहुल मसूरी से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे राहुल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल राहुल को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। राहुल की मौत की खबर से परिजनों में दुख छा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर गति नियंत्रण और सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग की है।

# गाजियाबाद में किसानों पर पुलिस ने बरसाईं लाठियां

**खेतों में दौड़ाकर पीटा, गुस्साई भीड़ ने भी पत्थर मारे; डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे थे**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में डंपिंग ग्राउंड को लेकर रविवार को बवाल हो गया। ट्रॉनिका सिटी में बन रहे डंपिंग ग्राउंड का किसान विरोध कर रहे थे। इसी बीच प्रदर्शन कर रहे किसानों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई।

पुलिस उनको जबरिया हटाने लगी और गाड़ियों में भरना शुरू किया, तो किसान उग्र हो गए। इस पर गुस्साई भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

इसमें कई महिलाएं और बुजुर्ग घायल हो गए। एक बुजुर्ग महिला तो बेहोश हो गई।

गांववालों का दावा है कि करीब 25 लोग घायल हुए हैं। एक महिला के सिर में गंभीर चोट लगी है, वहीं एक ग्रामीण का कूल्हा टूट गया।

किसानों का कहना है कि हम सिर्फ अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। यहां डंपिंग ग्राउंड बनने से पूरे इलाके में बदबू फैलती है। लोग बीमार होते हैं। इस जमीन पर स्कूल या अस्पताल बनाया जाना चाहिए, न कि कूड़ाघर। मामला ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र का है।

### किसान डंपिंग ग्राउंड का कर रहे विरोध

मीरपुर हिंदू गांव में डंपिंग ग्राउंड बना है। इसके विरोध में किसान और ग्रामीण धरना दे रहे थे। इसी बीच वहां पहुंची पुलिस से उनकी नोकझोंक हो गई।

स्थिति उस समय बिगड़ गई, जब पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटाने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कई किसान, महिलाएं और बुजुर्ग घायल हो गए।

गांववालों का कहना है कि वे शांतिपूर्वक धरना दे रहे थे। अचानक पुलिस ने लोगों को जबरन गाड़ियों में बैठाना शुरू कर दिया।

जब महिलाओं ने इसका विरोध किया, तो उन पर भी लाठियां चलाई गईं। वहीं, एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस की तरफ से लाठीचार्ज नहीं हुआ है। केवल हल्का बल प्रयोग किया गया है।

# चोरी के सामान के साथ तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 166/2026 धारा 305/317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण सुब्बन उर्फ प्रकाश पुत्र कुदऊ उम्र करीब 44 वर्ष निवासी भदइयापुरा थाना कोतवाली राकेश बरार पुत्र शेखर उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मोहल्ला विष्णुपुरा थाना कोतवाली सुनील पुत्र खेतसिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी भदइयापुरा थाना कोतवाली को नियमानुसार गिरफ्तार कर, न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। मुकदमा उपरोक्त के वादी द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात चोर उसकी दुकान से इन्वर्टर, बैटरी व प्रिन्टर चोरी कर ले गये हैं।

# जनपद में गूंजे 'बम बम भोले' के जयकारे, शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## भोर से शुरू हुआ जलाभिषेक, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**पीलीभीत।** रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पूरे जनपद में हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। 'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। भोर में चार बजे से ही शिवालयों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने विधि-विधान से जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया।

मंदिरों में बेल पत्र, बेर, धतूरा, गन्ना, फल-फूल और दूध से अभिषेक किया गया। महंत जय शंकर की अगुवाई में प्रातःकालीन आरती संपन्न हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने क्रमबद्ध ढंग से पूजा-अर्चना की।शहर के प्रसिद्ध श्री गौरी शंकर मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर, इकोत्तरनाथ मंदिर, गुलेश्वरनाथ मंदिर तथा बिलसंडा स्थित लिलहर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।

सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम - इस अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक



ने मंदिरों पर जाकर व्यवस्थाओं के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया वहीं भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। भोर से ही मंदिरों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। एएसपी विक्रम दहिया ने विभिन्न मंदिरों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



### राज्य मंत्री ने परिवार सहित किया पूजन

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेश सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने परिवार सहित भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने विशाल टॉकीज के समीप स्थित गौरीशंकर मंदिर एवं संजय रॉयल पार्क स्थित शिव मंदिर में विधिवत पूजा कर प्रदेश एवं जनपद की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।इस दौरान मंदिर के पुजारी ने राज्य मंत्री एवं उनके परिजनों का तिलक लगाकर स्वागत-अभिनंदन किया। मंत्री गंगवार ने कहा कि महाशिवरात्रि आत्मशुद्धि, संयम और लोककल्याण की भावना को मजबूत करने का पर्व है।महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे जनपद में भक्ति, आस्था और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला। देर शाम तक शिवालयों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट की।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई की प्रगति पर समीक्षा बैठक

## 3511 हेक्टेयर लक्ष्य निर्धारित, प्रमाणित बीज से ही बुवाई के निर्देश

**पीलीभीत।** जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं माइक्रोप्लान की प्रगति की समीक्षा के लिए किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर में एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी अमित चतुर्वेदी सहित फील्ड स्टाफ उपस्थित रहा।बैठक के दौरान जिला गन्ना अधिकारी ने निर्देश दिए कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई का कार्य वैज्ञानिक पद्धति एवं निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुरूप कराया जाए। साथ ही प्रतिदिन बुवाई की प्रगति की समीक्षा कर उसकी रिपोर्ट जिला



मुख्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए।

उन्होंने बताया कि पूरनपुर चीनी मिल क्षेत्र में वर्ष 2026-27 के लिए 3511 हेक्टेयर बसंतकालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की पूर्ति हेतु गन्ना विकास परिषद पूरनपुर को अभिजनक गन्ना बीज का आवंटन कर दिया गया है। बीज की उपलब्धता चीनी मिल प्रक्षेत्र पीलीभीत एवं पुवायां से सुनिश्चित कराई गई है।

कृषकों को उच्च उत्पादकता वाली उन्नतशील किस्मों—को.शा. 13235, को.शा. 17231, को.15023, को.शा.13231, को.शा.10239, को.लख.94184, को.98014, को.05125, को.लख.16202, को.लख.18231, को.शा.19231—का सिंगल-बड एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जाएगा। अगेती किस्मों में को.शा.13235, को.शा.17231 एवं को.15023 को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला गन्ना अधिकारी ने स्पष्ट किया कि कृषक केवल प्रमाणित एवं अनुशंसित गन्ना बीज से ही बसंतकालीन बुवाई करें।

# चलती कार पर गिरा पोल, सपा नेता की मौत

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में सपा नेता की चलती कार पर 1000 किलो वजनी हाईमास्ट लाइट का पोल गिर गया। मौके पर ही सपा नेता की मौत हो गई। वह चीख भी नहीं पाए। पोल कार के ड्राइवर वाले हिस्से में आगे की ओर गिरा। इससे कार पीछे से दो फीट ऊपर उठ गई।

घटना रविवार दोपहर एक बजे अंतू क्षेत्र के बाबूगंज बाजार की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। भारत पेट्रोलियम के सामने हाईमास्ट लाइट लगाने का काम चल रहा था। मजदूर पोल खड़ा कर रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर पोल गिर गया।

घटना के समय सपा नेता लाल बहादुर यादव अपनी क्रेटा कार से शहर की ओर आ रहे थे। लालबहादुर यादव (47) ने वर्ष 2022 में अंतू नगर पंचायत से चुनाव लड़ा था। वह कुष्ठ के ठेकेदार थे और उनके पास देशी शराब का ठेका भी था।

लालबहादुर तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़े थे। उनके 4 बेटियां और एक बेटा है। बेटा सबसे छोटा है। लाल बहादुर के पिता बड़े लाल यादव का निधन हो चुका है।

# मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई।

## यूपी में चाची-भतीजे की शादी, पति ने करवाए 7 फेरे

**बागपत।** बागपत में चाची और भतीजे ने शादी कर ली। थाने के बाहर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। यह सब महिला के पति की मर्जी से हुआ। पति का कहना है कि पत्नी खाने में नींद की दवा मिलाकर मुझे और बच्चों को सुला देती थी और भतीजे के पास चली जाती थी। उसने कहा- अगर वह शादी नहीं कराता, तो मुझे मेरठ की मुस्कान की तरह मारकर नीले ड्रम में भर देती। अब मेरा पत्नी से कोई लेना-देना नहीं है। पत्नी ने मुझे मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ा। अब मैं अपने बच्चों को लेकर कहीं और चला जाऊंगा। शादी के बाद चाची-भतीजा घर नहीं गए। घरवालों का कहना है कि दोनों दूसरे शहर चले गए। 28 साल की महिला की शादी 8 साल पहले हुई थी। 5 साल से उसका 22 साल के भतीजे से अफेयर चल रहा था। मामला दोघट थाना क्षेत्र का है।

# बाल विवाह मुक्त भारत : बाल श्रम व बाल विवाह की रोकथाम को किया जागरूक

**ललितपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के डी.ओ. पत्र संख्या- डब्लू.डब्लू./138/2020- डब्लू.डब्लू.(6) दिनांक 20 नवम्बर 2025 के क्रम में जनपद स्तर पर चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह की घटनाओं को रोकना, बालश्रम, बालभिक्षावृत्ति, बंधुआ मजदूरी, मानव तस्करी अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी कालू सिंह के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी महोदय यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिग जनपद ललितपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर थाना ए0एच0टी0, उ0नि0 मंसूर अंसारी, म0का0 कल्पना बाजपेयी, तथा थाना जीआरपी प्रभारी



उ.नि. योगेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिरों में, जिला अस्पताल ललितपुर व ललितपुर शहर क्षेत्र में बाल भिक्षावृत्ति, बालश्रम, व बाल विवाह रोकथाम के सम्बन्ध में व्यापक रुप से अभियान चलाकर लोगो को जागरुक किया गया। जिसमें वहाँ पर उपस्थित सभी लोगो को शासन एंव प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर- 1090, 1098, 108, 102, 112, 1076, 1930 व 181 आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। तथा अवगत कराया गया कि किसी भी लडकी का 18 वर्ष से कम व लडके का 21 वर्ष से कम उम्र विवाह करना कानूनी अपराध है। जिसमें बालक/बालिकाओ को बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभाव तथा समस्त लाभकारी योजनाओं, आत्मरक्षा एवं गुड टच, बैड टच, और बच्चों के प्रति शोषण आदि के बारें में व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। उक्त अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी हरिशंकर थाना AHT द्वारा किया गया।

# शार्ट न्यूज

## एसपी ने चौकी नेहरू नगर का किया निरीक्षण

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा चौकी नेहरुनगर, कोतवाली ललितपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौकी परिसर, बैरक व कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण चौकी परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एवं चौकी परिसर/कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। चौकी पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को चौकी प्रभारी द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। चौकी में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। लम्बित IGRS/प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने व शत-प्रतिशत फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया है। चौकी प्रभारी को प्रतिदिन चौकी क्षेत्र में पैदल गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

## बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

**कौशांबी।** कौशांबी के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 28 वर्षीय मनोज मौर्य की मौत हो गई। जाठी गांव के समीप हुई इस घटना से परिवार में मातम छा गया है। मनोज की शादी आगामी जून माह में होनी थी। परिजनों के अनुसार, मनोज तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी। वह मुंबई में निजी नौकरी करता था। रविवार शाम वह बाइक से प्रयागराज के लिए निकला था। उसने घर पर बताया था कि वह बाइक बुआ के यहां खड़ी कर ट्रेन से मुंबई रवाना हो जाएगा। बताया जाता है कि जाठी गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस टक्कर से मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर उसे तत्काल जिला अस्पताल मंझनपुर ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। बेटे की असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने मनोज को मेहनती और जिम्मेदार युवक बताया। कौशांबी थाना प्रभारी केके यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## ऑनलाइन डिलीवरी टीम लीडर की मौत

**संभल।** संभल में एक ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी के टीम लीडर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए मृतक के तीन दोस्तों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते उनके भाई को जहर देकर मारा गया है। उक्त घटना जनपद संभल के चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के मंडी चौक की है। मृतक की पहचान 30 वर्षीय मोनू ठाकुर पुत्र धीरज सिंह के रूप में हुई है, जो मोहल्ला गुलडेहरा रोड का निवासी था। मोनू के बड़े भाई सोनू सिंह ने रविवार शाम 5 बजे चंदौसी कोतवाली में तीन लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी। इनमें सत्येंद्र पुत्र राम सिंह (गांव अमियापुर पचाक), देशराज पुत्र नेमचंद (गांव गुमथल, थाना बनियाठेर) और कौशल (कस्बा बिलारी, जनपद मुरादाबाद) शामिल हैं। थाना प्रभारी अनुज तोमर ने बताया कि मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है।

## डंडा मारकर लूट करने वाले तीन गिरफ्तार

**देवरिया।** देवरिया जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के आउटर क्षेत्र में यात्रियों को डंडा मारकर लूटने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को रविवार शाम करीब चार बजे गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का सरगना पहले ही गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। इस कार्रवाई से रेल यात्रियों में राहत की भावना है। यह गिरोह 9 फरवरी को हुई एक घटना में शामिल था। बिहार के सीवान जनपद के दरौली थाना क्षेत्र निवासी सन्नी श्रीवास्तव मौर्य एक्सप्रेस से गोरखपुर जा रहे थे। देवरिया सदर रेलवे स्टेशन से ट्रेन के आगे बढ़ते ही, दरवाजे पर खड़े सन्नी पर बदमाशों ने डंडे से हमला कर दिया। हमले के कारण यात्री चलती ट्रेन से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के बाद रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया था और मामले की गंभीरता से जांच शुरू की गई थी। पीड़ित की शिकायत पर देवरिया जीआरपी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक विशेष टीम का गठन किया था। लगातार छानबीन और चेकिंग अभियान के दौरान, 15 फरवरी की शाम चार बजे जीआरपी टीम ने देवरिया सदर रेलवे स्टेशन परिसर से तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया।

## भतीजों ने चाचा की गोली मारकर हत्या की

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में जमीनी विवाद में भतीजों ने चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी। चाचा एक भतीजे के साथ शिव रात्रि पर जलाभिषेक करने मंदिर जा रहे थे। तभी अन्य भतीजों ने थार और स्कॉर्पियो से पीछा किया। दोनों गाड़ियां आगे पीछे लगाकर चाचा की कार में जमकर टक्कर मारीं। इस बीच गाड़ी गड्ढे में चली गई, तो चाचा को गाड़ी से खींचकर बाहर निकाला और गोली मार दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। चाचा की कार में सवार अन्य 5 लोग घायल हैं। सूचना पर एसपी राजेश द्विवेदी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामला थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र का है। इसी कार में चाचा वीनेश सवार थे, अपने 5 साथियों के साथ जलाभिषेक करने जा रहे थे।मृतक की पहचान खमरिया गांव निवासी वीरेश सिंह (50) के रूप में हुई है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि वीरेश सिंह का अपने भतीजों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

## महिला की संदिग्ध हालात में जलकर मौत

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले के ललौली थाना क्षेत्र के हरियापुर गांव में एक 48 वर्षीय महिला संतोष कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मृतका के बेटे अभिनव ने परिवार के कई सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, मृतका संतोष कुमारी (48) पत्नी सुशील कुमार का विवाह वर्ष 1995 में खदरा गांव में हुआ था। शादी के लगभग पांच वर्ष बाद वह अपने मायके हरियापुर आकर रहने लगी थीं और तभी से वहीं रह रही थीं। परिजनों के मुताबिक, शनिवार रात करीब 9: 30 बजे संतोष कुमारी घर के दूसरे खंड में संदिग्ध परिस्थितियों में जली हुई अवस्था में मिलीं। घटनास्थल पर आम की लकड़ियां भी पाई गईं, जिनसे जलने की आशंका जताई जा रही है। घटना के समय मृतका की मां ननकी देवी घर के निचले हिस्से में मौजूद थीं। मृतका के दो पुत्र हैं—राहुल (20) और अभिनव (16)। परिवार में उनकी बहनें बिंदन, उषा (मृतक), आशा देवी, निराशा (मृतक), मधु तथा भाई विपिन कुमार शामिल हैं।

## बांदा में स्टंट करने वाले युवकों पर कार्रवाई

**बांदा।** बांदा पुलिस ने दोपहिया वाहन से खतरनाक स्टंट करने वाले कुछ युवकों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने उनके वाहन को सीज कर चालान किया और परिजनों को कड़ी चेतावनी दी। यह कार्रवाई 15 फरवरी 2026 को थाना गिरवां क्षेत्र में की गई। यह कार्रवाई तब हुई जब सोशल मीडिया पर कुछ युवकों का दोपहिया वाहन से खतरनाक स्टंट करते हुए एक वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया। वीडियो वायरल होने के बाद गिरवां पुलिस ने तत्काल इसका संज्ञान लिया। पुलिस ने वाहन का चालान किया और उसे सीज कर दिया। इसके साथ ही, युवकों के परिजनों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से बचने के लिए कड़ी चेतावनी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आमजनमानस से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें, क्योंकि यह स्वयं और दूसरों के लिए खतरनाक हो सकता है। सभी से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 16 फरवरी 2026
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### हैती में सशस्त्र गिरोह लगातार कर रहा बच्चों की भर्ती : यूनिसेफ

**पोर्ट-औ-प्रिंस, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की रिपोर्ट के मुताबिक, हैती में सशस्त्र गिरोह लगातार बच्चों की भर्ती कर रहा है। यह संख्या पिछले वर्ष में तिगुनी हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, गरीबी और हिंसा के बीच 14 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, इनमें आधे से अधिक बच्चे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, गिरोहों के 30 से 50 प्रतिशत सदस्य बच्चे हैं, कुछ की उम्र 9 वर्ष तक है। गिरोह राजधानी पोर्ट-एयू-प्रिंस के 90 फीसदी हिस्से पर काबिज हैं।

### तुर्किये में ओनलीफैंस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 16 गिरफ्तार

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये में ओनलीफैंस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 16 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में लगभग 69 लाख डॉलर की संपत्ति जब्त की गई। यह कार्रवाई आठ प्रांतों में की गई है, इनमें इस्तांबुल, अंकारा और अंताल्या शामिल हैं। जांच में 25 संदिग्धों और दो कंपनियों को निशाना बनाया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार आरोपियों ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री साझा कर ओनलीफैंस और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म से कमाई की और कालेधन को संपत्तियों, बिटकॉइन व सोने में निवेश कर सफेद किया।

### सिंगापुर में भारतीय पर महिला की हत्या के प्रयास का आरोप

**सिंगापुर , एजेंसी।** सिंगापुर में एक भारतीय नागरिक पर इंडोनेशियाई महिला की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या के प्रयास का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पन्नीर सेल्वम ने बुधवार सुबह पूर्वी सिंगापुर के सिम्स व्यू इलाके में फजर नूर ऐनी पर हमला। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, दोनों एक-दूसरे को जानते थे। अदालत में पेश आरोपपत्र में कहा कि सेल्वम की मंशा हत्या करना थी। मामले में दोषी पाए जाने पर उसे आजीवन कारावास या 20 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

### अमेरिका-ताइवान में समझौता 99% कम होंगी टैरिफ बाधाएं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ताइवान की 99 फीसदी टैरिफ बाधाएं कम करने पर सहमत हुआ है। अमेरिकी प्रतिनिधि के अनुसार, ताइवान से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 15 फीसदी या मोस्ट फेवर्ड नेशन दर लागू होगी। अमेरिका ताइवान से कंप्यूटर चिप्स की आपूर्ति पर काफी निर्भर है। इस कारण 2025 के पहले 11 महीनों में लगभग 127 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज हुआ। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन और ताइवान के उप प्रधानमंत्री ली-चियुन चेंग की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

### कोलोराडो में विमान हादसा, चार लोगों की मौत

**कोलोराडो, एजेंसी।** उत्तरी कोलोराडो में स्टीमबोट स्प्रिंग्स के स्की रिसॉर्ट के पास शुक्रवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। संघीय विमानन प्रशासन के मुताबिक, छह सीटों वाला टर्बोप्रॉप विमान एपिक ई1000 रात करीब 12:20 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चार लोग सवार थे। राउट काउंटी के कोरोनर मिच लॉक ने बताया कि घटनास्थल पर ही चारों लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विमान अज्ञात परिस्थितियों में पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड दोनों ने कहा कि वे दुर्घटना की जांच कर रहे हैं। यह विमान टेनेसी के फ्रैंकलिन स्थित एएलएस एविएशन एलएलसी के नाम पर पंजीकृत है। टेनेसी के व्यावसायिक रिकॉर्ड में कंपनी के बारे में संपर्क करने के लिए किसी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है।

### पेरिस पुलिस ने अधिकारियों पर हमला करने की कोशिश करने वाले शख्स को गोली मार कर किया घायल

**पेरिस , एजेंसी।** पेरिस पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, हमलावर ने नेपोलियन युग के ऐतिहासिक स्थल पर अज्ञात सैनिकों को श्रद्धांजलि देने वाली चिरस्थायी लौ को पुन: प्रज्वलित करने के समारोह की सुरक्षा कर रहे एक अधिकारी को निशाना बनाया। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य अधिकारी ने हमलावर पर गोली चलाई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस घटना में कोई भी राहगीर या पुलिस अधिकारी घायल नहीं हुआ। फ्रांस के आतंकवाद विरोधी अभियोजक कार्यालय ने कहा कि वह मामले की जांच कर रहा है और उसने एक जांचकर्ता को घटनास्थल पर भेजा है। आर्क डी ट्रायम्फ पेरिस के सबसे प्रसिद्ध स्थलों में से एक है और यह व्यस्त चैंप्स-एलिसी एवेन्यू के शीर्ष पर स्थित है।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का मामला: भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा

## न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला




**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक निखिल ने शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। एफबीआई के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया। यूएस अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर-फॉर-हायर, मर्डर-फॉर-हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है।

**निखिल को यूरोपीय देश चेक रिपब्लिक से गिरफ्तार किया :** पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था।

अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था। अमेरिकी न्याय विभाग ने दावा किया है कि भारतीय सरकार के एक कर्मचारी ने निखिल गुप्ता को पन्नू की हत्या के लिए एक हिटमैन की व्यवस्था करने को कहा था। यह आरोप मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट में दाखिल इंडिक्टमेंट में लगाया गया था। उस कर्मचारी को आरोपपत्र में सीसी-1 कहा गया है

**मई 2023:** अमेरिकी प्रॉसिक्यूटर के मुताबिक एक भारतीय अधिकारी (विकास यादव) ने निखिल गुप्ता को हायर किया।

**29 मई:** निखिल गुप्ता ने किसी ऐसे शख्स की तलाश शुरू की जो पन्नू को मार सके। हालांकि, जिसे पन्नू को मारने के लिए हायर किया गया वो अमेरिका का अंडर कवर एजेंट निकला। कुछ हफ्तों तक निखिल गुप्ता ने इस अंडर कवर एजेंट से पन्नू को मारने के तरीके और कीमत पर चर्चा की।

**9 जून:** गुप्ता ने पन्नू को मारने के लिए हायर किए गए हिटमैन को एक शख्स के जरिए 15 हजार डॉलर (12 लाख 49 हजार रुपए) का कैश भिजवाया। ये हत्या के लिए एडवांस पेमेंट था। पूरी डील 1 लाख डॉलर (84 लाख रुपए) में हुई थी।

**11 जून:** भारतीय अधिकारी ने गुप्ता को कहा कि पन्नू को अभी नहीं मरवा सकते हैं। दरअसल, जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर गए थे। गुप्ता ने भी फोन पर कहा था कि 10 दिनों तक कुछ नहीं किया जा सकता है, नहीं तो प्रदर्शन शुरू हुए जाएंगे।

18 जून: कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई।

**19 जून:** गुप्ता निज्जर की हत्या का वीडियो अमेरिका में पन्नू की हत्या के लिए हायर किए हिटमैन को भेजा और कहा कि ये अच्छी खबर है, अब इंतजार करने की जरूरत नहीं है।

**24 जून से 29 जून:** गुप्ता ने पन्नू का मारने का प्लान आगे बढ़वाया। पन्नू की निगरानी शुरू हुई।

**30 जून:** गुप्ता को चेक रिपब्लिक में अमेरिका के कहने पर हिरासत में ले लिया गया।

**कौन है गुरपतवंत सिंह पन्नू :** गुरपतवंत सिंह पन्नू 'सिख फॉर जस्टिस' नामक संगठन का जनरल काउंसल है, जो अमेरिका में सक्रिय है। हाल के महीनों में पन्नू ने भारत विरोधी गतिविधियों को तेज किया है, जिसमें अमेरिकी शहरों में खालिस्तान जनमत संग्रह आयोजित करना, एयर इंडिया के बहिष्कार के वीडियो जारी करना और भारत विरोधी हरकतों के लिए इनामों की घोषणा करना शामिल है। इन गतिविधियों के कारण भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पन्नू के खिलाफ आतंकवाद से संबंधित नए मामले दर्ज किए हैं।

# अमेरिकी सेना का कैरेबियन सागर में एक और बोट पर हमला, 3 की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने कैरेबियन सागर में ड्रग तस्करी के आरोप में शुक्रवार को एक और नाव पर हमला किया है। इस हमले में 3 लोगों की मौत हुई है। अमेरिकी सदर्न कमांड के मुताबिक नाव कथित तौर पर ड्रग तस्करी के लिए इस्तेमाल हो रही थी। यह हमला किया गया। अमेरिकी सदर्न कमांड ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह नाव कैरेबियन में 'नार्को-ट्रैफिकिंग रूट' पर चल रही थी और ड्रग तस्करी में शामिल थी। कमांड ने बताया कि हमले में नाव सवार तीन लोग मारे गए। पोस्ट के साथ एक वीडियो भी शेयर किया गया है। वीडियो में एक नाव पानी में चलते हुए दिखती है, जिसके बाद वह धमाके के साथ आग की लपटों में घिर जाती है। यह हमला ट्रम्प प्रशासन की उस कार्रवाई का हिस्सा है, जिसमें कथित ड्रग तस्करी में शामिल नावों को निशाना बनाया जा रहा है। पिछले साल सितंबर से अब तक कैरेबियन सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में कम से कम 38 हमले किए गए हैं। इन हमलों में अब तक कुल 133 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पिछले हफ्ते कहा था कि क्षेत्र के कुछ बड़े कार्टेल ड्रग तस्करों ने हाल की सैन्य कार्रवाइयों के कारण अनिश्चितकाल के लिए नशीले पदार्थों का कारोबार बंद




करने का फैसला किया है। हालांकि, हेगसेथ ने अपने निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर किए गए इस दावे के समर्थन में कोई सबूत शेयर नहीं किया। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका लैटिन अमेरिका के ड्रग कार्टेल के साथ सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में है। उन्होंने इन हमलों को ड्रग्स की सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया है। हमले का वीडियो साझा करते हुए अमेरिकी सदर्न कमांड ने सोशल मीडिया पर बताया कि 13 फरवरी को कमांडर जनरल फ्रांसिस एल. डोनोवन के निर्देश पर जॉइंट टास्क फोर्स सदर्न स्पीयर ने नामित आतंकवादी संगठनों द्वारा संचालित एक पोत पर घातक सैन्य हमला किया।

पोस्ट में आगे कहा गया कि खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई कि पोत कैरिबियाई सागर में मादक पदार्थों की तस्करी के मार्गों से गुजर रहा था और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल था। इस कार्रवाई में तीन तस्कर मारे गए। अमेरिकी सेना का कोई भी जवान घायल नहीं हुआ।

# पेंपा सेरिंग फिर बने निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रधानमंत्री

**ल्हासा, एजेंसी।** निर्वासित तिब्बती सरकार में निवर्तमान सिक्योंग (प्रधानमंत्री) पेंपा सेरिंग को दूसरी बार सरकार चलाने का मौका मिलेगा। प्रथम चरण के मतदान में ही उन्हें सिक्योंग (प्रधानमंत्री) चुन लिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त लोबसांग येशी ने शुक्रवार को मैक्लोडगंज में घोषणा की कि चुनाव नियमों और विनियमों के अनुच्छेद 67(4) के तहत यदि किसी उम्मीदवार को प्रारंभिक चुनाव में कुल मतों का 60 फीसदी से अधिक प्राप्त होता है, तो अंतिम दौर का चुनाव नहीं होगा और वह उम्मीदवार सिक्योंग के रूप में निर्वाचित घोषित होगा। इन्हीं नियमों के अनुसार पेंपा सेरिंग को सिक्योंग के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया है। उन्हें कुल मतों का 61.025% प्राप्त हुआ। एक फरवरी को हुए प्रारंभिक चरण के मतदान में कुल 51,140 तिब्बतियों ने मतदान किया। इसमें कुल 103 उम्मीदवारों ने भाग लिया। वर्तमान सिक्योंग पेंपा सेरिंग ने 31,225 वोट, केल्संग दोरजी औकातसंग और सेरिंग फुन्त्सोक ने क्रमशः 17,843 और 159 वोट प्राप्त किए। बता दें कि पेंपा सेरिंग मई 2021 के चुनाव में 34,348 मत प्राप्त कर पहली बार निर्वासित तिब्बत सरकार के सिक्योंग बने थे। चुनाव आयोग ने इस मौके पर निर्वासित तिब्बती संसद के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। इसमें तिब्बत के तीन पारंपरिक प्रांतों से 30 उम्मीदवार, तिब्बती बौद्ध धर्म और बोन धर्म के चार स्कूलों से 6 उम्मीदवार, उत्तर-दक्षिण अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका से 6-6 उम्मीदवार और ऑस्ट्रेलिया (भारत, नेपाल और भूटान को छोड़कर) से 3 उम्मीदवार शामिल हैं। चुनाव आयुक्त ने यह भी घोषणा की है कि 18वें तिब्बती संसद-इन-एग्जाइल के उम्मीदवारों को 27 फरवरी 2026 तक अपने नामांकन की पुष्टि करनी होगी। जो उम्मीदवार नामांकन वापस लेना चाहते हैं, उन्हें 28 फरवरी तक चुनाव आयोग को एक लिखित अनुरोध सौंपना होगा।

# जेफ्री एपस्टीन की मौत खुदकुशी नहीं हत्या, पोस्टमॉर्टम के दौरान मौजूद डॉक्टर का दावा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को लेकर लगातार नए-नए खुलासे हो रहे हैं। वहीं उसकी मौत अब भी रहस्य बनी हुई है। 2019 में गिरफ्तारी के बाद न्यूयॉर्क की जेल में उसकी मौत हो गी थी। एपस्टीन की पोस्ट मॉर्टम देखने के बाद फरेंसिक पैथलॉजिस्ट डॉ. मिशेल बाडेन ने कहा कि रिपोर्ट पर गौर करें तो एपस्टीन की मौत फांसी लगाकर नहीं हुई थी बल्कि गला घोंटा गया था। ऐसे में कहा जा सकता है कि उसकी मौत खुदकुशी नहीं बल्कि हत्या थी।

बाडेन ने द टेलिग्राफ को दिए इंटरव्यू में कहा, मेरे विचार से जेफ्री एपस्टीन की मौत गला घोंटने की वजह से हुई थी। इस मामले में और जांच होनी चाहिए तभी असली वजह का पता चल पाएगा। बता दें कि न्यूयॉर्क की जेल में जेफ्री



एपस्टीन को मृत पाया गया था। इसके बाद मेडिकल एग्जामिनर ने इसे खुदकुशी बताया था। बाडेन ने खुद ऑटोप्सी नहीं की थी लेकिन ऑब्जर्वर के तौर पर उस वक्त वह मौजूद थे।

उन्होंने कहा, ऑटोप्सी करने वाले दोनों ही एग्जामिनर इस बार पर हमसत थे कि मौत के असली कारण का पता लगाने के लिए और जांच की जरूरत है। उन्होंने बताया कि एपस्टीन की मौत के पांच दिन बाद ही सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया था। उस समय की चीफ मेडिकलएग्जीमिनर डॉ. बारबारा सैंपसन ने इसे खुदकुशी बताया था।

उन्होंने यह भी बताया की सैंपसन पोस्टमॉर्टम के दौरान वहां मौजूद भी नहीं थीं। जेफ्री एपस्टीन के गले में तीन निशान पाए गए थे। दो आगे की तरफ और एक पीछे की ओर। इसकेअलावा तीन जगह से गर्दन में फ्रैक्चर हुआ था। डॉ. बदान ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में इस तरह के फ्रैक्चर फांसी लगाने के केस में कभी नहीं देखे।

अगस्त 2019 में भी उन्होंने फॉक्स न्यूज को बताया था कि यह खुदकुशी से ज्यादा हत्या का माममला लगता है। एपस्टीन के वकील ने भी कहा था कि वह एग्जामिनर की रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हैं। 2023 की एक अमेरिकी न्याय विभाग की रिपोर्ट में क हा गया था कि न्यूयॉर्क की जेल में सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। यह भी पाया गया था कि एपस्टीन की सेल में एक से ज्यादा कंबल, चद्दर और कपड़े मौजूद थे। एपस्टीन की मौत से एक दिन पहले ही उसके साथ बंद अन्य कैदियों को अलग शिफ्ट कर दिया गया था। एपस्टीन का रोज होने वाला वेलनेस टेस्ट भी उस दिन रात 10 बजकर 40 मिनट तक नहीं किया गया था जो कि 8 बजे ही हो जाना चाहिए था। चेकअप की फर्जी रिपोर्ट लगा दी जाती थी। अगली ही सुबह गार्ड्स ने बताया कि एपस्टीनकी मौत हो गई है और उसकी गर्दन के चारों ओर कपड़े का फंदा पड़ा हुआ हे। गार्ड्स ने फंदा हटाया और उसे सीपीआर देने की कोशिश की और फिर अस्पताल ले गए जहांएपस्टीन को मृत घोषित कर दिया गया।

# जर्मन चांसलर मर्ज बोले- यूरोप की आजादी की गारंटी नहीं

**म्यूनिख, एजेंसी।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा है कि यूरोप की आजादी की अब गारंटी नहीं है। मर्ज के मुताबिक यूरोप अब यह मानकर नहीं चल सकता कि उसे अपने-आप सुरक्षा मिलती रहेगी। म्यूनिख में सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मर्ज ने माना कि यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में गहरी दरार आ गई है। उन्होंने कहा कि नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म हो गई है, वैश्विक व्यवस्था अब उस रूप में मौजूद नहीं रही। मर्ज ने कहा कि दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है। सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे।

**सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद बनी व्यवस्था खत्म हुई :** मर्ज ने कहा कि सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि उस समय देश आपसी नियमों और समझ के आधार पर काम करते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। मर्ज ने कहा कि ऐसे माहौल में यूरोप यह मानकर नहीं चल सकता कि उसकी सुरक्षा और आजादी अपने-आप बनी रहेगी। यूरोपीय देशों को अब ज्यादा जिम्मेदारी लेनी होगी। जरूरत पड़े तो त्याग भी करना होगा और अपनी रक्षा व अर्थव्यवस्था खुद मजबूत करनी होगी। मर्ज के मुताबिक, अब फैसले साझा नियमों से नहीं, बल्कि ताकत और अपने-अपने हितों के आधार पर लिए जा रहे हैं।

**मर्ज बोले- अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता :** मर्ज ने कहा कि आज की दुनिया में अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता। उनके मुताबिक, अब हालात ऐसे हो गए हैं कि कोई भी बड़ी ताकत अपने दम पर हर चुनौती का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अमेरिका को भी सहयोगियों की जरूरत है। सुरक्षा, रक्षा, तकनीक और व्यापार जैसे बड़े मुद्दों पर साझेदारी जरूरी है। सिर्फ ताकत के भरोसे आगे बढ़ना अब संभव नहीं है। मर्ज ने साफ किया कि नाटो सिर्फ यूरोप के लिए नहीं, बल्कि अमेरिका के लिए भी फायदेमंद है। यह गठबंधन दोनों पक्षों को मजबूत बनाता है। इसलिए उन्होंने कहा, 'आइए, हम मिलकर ट्रांस-अटलांटिक भरोसे को फिर से मजबूत करें। मर्ज के मुताबिक, यूरोप नाटो के भीतर ही एक मजबूत ताकत बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, ताकि साझेदारी बराबरी की हो। उन्होंने यह भी माना कि

**मर्ज ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस को निशाना बनाया :** मर्ज ने पिछले साल म्यूनिख में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बयान का जिक्र करते हुए उन पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'एमएजीए आंदोलन की सांस्कृतिक लड़ाई हमारी नहीं है।' पिछले साल म्यूनिख सम्मेलन में जेडी वेंस ने यूरोप में अभिव्यक्ति की आजादी, आप्रवासन और पारंपरिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि यूरोप अपने मूल्यों से दूर जा रहा है और कुछ देशों में फ्री स्पीच सीमित हो रही है। उनके बयान को यूरोपीय नीतियों की आलोचना के तौर पर देखा गया था। मर्ज ने उसी पर जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका की 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए ) राजनीति और उससे जुड़ी सांस्कृतिक बहसें यूरोप की नहीं हैं। उन्होंने साफ किया कि यूरोप में अभिव्यक्ति की आजादी है।

# ईरान पर हमले की पूरी तैयार में डोनाल्ड ट्रंप, बता दिया युद्धपोत भेजने के पीछे का इरादा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** ईरान से तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कन्फर्म कर दिया है कि वह अपने सबसे बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर को पूरे लाव लश्कर के साथ मध्य एशिया भेज रहे हैं। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता जरूर चल रही है लेकिन परमाणु कार्यक्रम को लेकर तनाव कम नहीं हो रहा है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप ने कई बार सैन्या कार्रवाई की धमकी दी है। अमेरिका के सबसे बड़े एयरक्राफ्ट यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड कैरियर को लेकर जब डोनाल्ड ट्रंप से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह तोड़ी ही देर में रवाना होने वाला है। अगर ईरान के साथ मसझौता नहीं होता है तो हमें इसकी जरूरत पड़ेगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि गेराल्ड के साथ ही यूएसएस अब्राहम लिंकन शिप को भी रवाना किया गया है।

**ईरान में विरोध प्रदर्शन के बाद बढ़ गई है तनातनी :** ईरान में विरोध प्रदर्शन और फिर खामेनेई द्वारा प्रदर्शनकारियों के दमन को लेकर दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने कहा है कि अगर परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान अमेरिका की बात नहीं मानता है तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। गाइडेड मिसाइल से लैस यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले से ही अरब सागर में मौजूद है। पिछले ही सप्ताह ईरान के एक ड्रोन को इसी युद्दपोत पर से ही मार गिराया गया था।

**वेनेजुएला में अभियान को अंजाम देने गया था गेराल्ड आर फोर्ड :** यूएसएस गेराल्ड फोर्ड युद्धपोत वेनेजुएला में अभियान को अंजाम देने गया था और तब से वहीं था। अब यहां से सीधे वह मध्य एशिया की ओर रवाना कर दिया गया है। बता दें कि दोनों देशों ने पिछले सप्ताह ओमान में बातचीत की थी। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर समझौता नहीं होता है तो परिणाम बहुत गंभीर होंगे। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय ईरान के साथ परमाणु वार्ता में गतिरोध और क्षेत्रीय अस्थिरता के बीच वाशिंगटन की सैन्य शक्ति के प्रदर्शन के तौर पर लिया गया है। यह युद्धपोत अब फारस की खाड़ी और अरब सागर क्षेत्र में पहले से मौजूद 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' और उसके सहायक बेड़े के साथ शामिल होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि दो विमानवाहक पोतों की एक साथ मौजूदगी इस क्षेत्र में वाशिंगटन की नौसैनिक ताकत को अभूतपूर्व रूप से बढ़ा देगी।

# अमेरिकी सांसदों ने अप्रैल में ट्रंप-शी की मुलाकात से पहले क्वाड समिट की मांग की

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** दो वरिष्ठ अमेरिकी सांसदों ने ट्रंप सरकार से अप्रैल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ होने वाली मीटिंग से पहले क्वाड नेताओं की समिट बुलाने की अपील की है। उनका कहना है कि इससे बीजिंग के साथ डील करने में वॉशिंगटन की पकड़ मजबूत होगी। अमेरिकी सांसद टिम केन (डी-वीए) और पीट रिकेट्स (आर-एनई) दोनों सीनेट विदेश मामलों के कमेटी के सदस्य हैं। दोनों सांसदों ने इस संबंध में मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखी, जिसमें सरकार को अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान को शामिल करते हुए क्वाड्रीलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्वाड) के अगले वर्जन को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया। बता दें, इस बार क्वाड समिट की मेजबानी भारत करने वाला है। यह असल में 2025 में भारत में होने वाला था। ट्रंप समेत सभी चार देशों ने भारत क्वाड समिट में शामिल होने की प्रतिबद्धता जताई है। सीनेटरों ने लिखा, 'चीन के साथ जबरदस्त रणनीतिक कॉम्पिटिशन के इस अहम पल में, क्वाड लीडर्स समिट बुलाने से लीडिंग हिंद-प्रशांत लोकतंत्र के बीच एकता, पक्के इरादे और रणनीतिक तालमेल का साफ संकेत जाएगा। अप्रैल में शी जिनपिंग के साथ राष्ट्रपति ट्रंप की तय मीटिंग से पहले क्वाड समिट करना, राष्ट्रपति के बीजिंग दौरे से पहले हिंद-प्रशांत में अमेरिकी नेतृत्व का एक अहम प्रदर्शन होगा। पहले एक सफल क्वाड समिट राष्ट्रपति ट्रंप को ज्यादा फायदे की स्थिति से जुड़ने का मौका देगा। सांसदों ने इस बात पर जोर दिया कि ट्रंप के बीजिंग दौरे से पहले होने वाली मीटिंग डिप्लोमैटिक माहौल को आकार देगी। उन्होंने लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप की ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने में हाल की सफलताओं ने क्वाड



के जरिए फिर से मिलकर काम करने का माहौल तैयार किया है। सांसदों ने चिट्ठी में भारत के साथ ट्रेड डील की घोषणा का भी जिक्र किया और कहा कि यह भारत और पूरे हिंद-प्रशांत में रणनीतिक और रक्षा सहयोग को काफी गहरा करने की नींव रखता है।' आम चिंताओं पर जोर देते हुए सांसदों ने लिखा, 'चारों क्वाड साझेदारों को एक जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सप्लाई चेन की कमजोरियां, जरूरी मिनरल्स पर रोक, आजाद और खुले हिंद-प्रशांत के लिए खतरे और नई तकनीक पर बढ़ता कॉम्पिटिशन शामिल हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'चीन ने खास तौर पर जापान पर डिप्लोमैटिक दबाव, सैन्य धमकी और आर्थिक दबाव बढ़ाया है, जिससे इलाके की स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय नियमों को खतरा है।' सांसदों ने कहा, 'क्वाड इन चुनौतियों का सामना करने और ट्रंप की 2025 राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में बताए गए कई मकसदों को आगे बढ़ाने के लिए खास स्थिति में है, जिसमें पिछली सरकार की सफलताओं पर काम करना शामिल है, जिसमें सहयोगी देशों की रोकथाम को मजबूत करना, दुश्मनों पर रणनीतिक निर्भरता कम करना, तकनीकी नेतृत्व की सुरक्षा करना और नेविगेशन की आजादी को बनाए रखना शामिल है।'

सांसदों ने आखिर में लिखा, 'हम अमेरिकी डिप्लोमेसी के इस अहम पल में क्वाड को मजबूत करने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और आपसे क्वाड लीडर्स समिट और उसके बाद विदेश मंत्री और वर्किंग ग्रुप की मीटिंग आयोजित करने को प्राथमिकता देने का आग्रह करते हैं। ऐसा करने से अमेरिकी नेतृत्व मजबूत होगा, हमारे सबसे करीबी साझेदार मजबूत होंगे और यह सुनिश्चित होगा कि बीजिंग के साथ भविष्य का जुड़ाव एकता, ताकत और रणनीतिक दूरदर्शिता पर आधारित हो।'

उन्होंने 13 मार्च, 2026 तक क्वाड के लिए सरकार के दृष्टिकोण और प्राथमिकता पर चर्चा करने के लिए एक ब्रीफिंग का भी अनुरोध किया। अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया वाला क्वाड पिछले दस सालों में हिंद-प्रशांत सुरक्षा, मजबूत सप्लाई चेन, नई तकनीक और समुद्री सहयोग पर तालमेल के लिए एक अहम प्लेटफॉर्म बन गया है। भारत ने सीमा पर तनाव और बड़े क्षेत्रीय मुकाबले के बीच चीन के साथ अपने मुश्किल संबंध को संतुलित करते हुए लगातार एक आजाद और खुले हिंद-प्रशांत का साथ दिया है।

# टी20 वर्ल्ड कप: जेसन होल्डर और शाई होप का कमाल, वेस्ट इंडीज ने नेपाल को रौंदकर सुपर 8 में मारी एंट्री

**मुंबई (एजेंसी)।** जेसन होल्डर के चार विकेट और कप्तान शाई होप की 44 गेंदों पर 61 रनों की पारी की बदौलत वेस्ट इंडीज ने रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के 25वें मैच में नेपाल को नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कैरेबियन टीम सुपर एट में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। नेपाल आधिकारिक तौर पर सुपर एट की दौड़ से बाहर हो गया है। शाई होप की अगुवाई वाली वेस्ट इंडीज ने 134 रनों के मामूली लक्ष्य को महज 15.2 ओवरों में हासिल कर एशियाई टीम पर आसान जीत दर्ज की।

ब्रैंडन किंग (17 गेंदों पर 22 रन) और होप (44 गेंदों पर 61 रन नाबाद) ने पहले विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी की। इसके बाद शिमरोन हेटमायर (32 गेंदों पर 46 रन नाबाद) होप के साथ जुड़े और वेस्ट इंडीज को जीत की ओर ले गए। इससे पहले, टॉस जीतकर वेस्ट इंडीज ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और स्पिनर अकील हुसैन से गेंदबाजी की शुरुआत की। कुशल भुरटेल और आसिफ शेख ने नेपाल की ओर से पारी की शुरुआत की। नेपाल के लिए शुरुआत बेहद खराब रही क्योंकि मैच के पहले ही ओवर की पांचवीं गेंद पर हुसैन ने कुशल भुरटेल को एक रन पर आउट कर दिया।

कप्तान रोहित पौडेल चौथे ओवर में मात्र पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए, जब मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर पैड पर गेंद लगने से वे एलबीडब्ल्यू हो गए। पावरप्ले में ही नेपाल ने अपना तीसरा विकेट जेसन होल्डर के हाथों गंवा दिया। आसिफ शेख (11) ने शुरुआत में दो चौके लगाए। नेपाल पावरप्ले के अंत तक तीन महत्वपूर्ण विकेट खोकर 22 रन पर ढेर हो गया। पावरप्ले के बाद, शानदार फॉर्म में चल रहे गेंदबाज जेसन होल्डर ने आरिफ शेख को दो रन पर आउट कर दिया। लोकेश बाम के 13 रन पर शमर जोसेफ द्वारा आउट होने के बाद, नेपाल का स्कोर 11वें ओवर में 46-5 था। छठे विकेट के लिए दीपेंद्र सिंह ऐरी और गुलसन झा के बीच 23 रनों की छोटी साझेदारी हुई, जिसके बाद गुलसन 11 रन बनाकर रोस्टन चेस के हाथों क्लीन बोल्ड हो गए। नेपाल की पारी में दीपेंद्र ही एकमात्र सकारात्मक खिलाड़ी रहे। उन्होंने सोमपाल कामी के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी में अहम भूमिका निभाई। यह साझेदारी तब समाप्त हुई जब दीपेंद्र 47 गेंदों में 58 रन बनाकर होल्डर की गेंद पर आउट हो गए। नेपाल ने अपनी पारी 133/8 के स्कोर पर समाप्त की।



## शेल्टन ने सेमीफाइनल थ्रिलर में शापोवालोव को हराया, फ्रिट्ज भी फाइनल में पहुंचे



**डलास (एजेंसी)।** बेन शेल्टन नेक्सो डलास ओपन में अपने साथी लेफ्टी डेनिस शापोवालोव के बड़े टेस्ट से बच निकले, जहां उन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने डिफेंडिंग चैंपियन को 4-6, 6-4, 7-6(4) से हराया।

दूसरे सीड वाले शेल्टन ने पूरे मुकाबले में दबाव में शानदार हिम्मत दिखाई। उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें दूसरे सेट में 2-2 पर क्लच वॉली से एक जरूरी सेव और तीसरे सेट में 5-5 पर एक और सेव शामिल है। इस जीत के साथ, उन्होंने जोड़ी की हेड टू हेड सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली। फाइनल में शेल्टन का मुकाबला टॉप सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा। 2018 के बाद से यह टूर्नामेंट में टॉप दो सीड के बीच पहला फाइनल होगा, जब टॉप सीड केविन एंडरसन ने न्यूयॉर्क में दूसरे सीड सैम क्वेरी को हराया था, जहां पहले यह टूर्नामेंट हुआ था।

फ्रिट्ज ने शनिवार को सेमीफाइनल में फिर से वापसी कर रहे मारिन सिलिच का सिलसिला रोक दिया। थोड़े अंतर से तय हुए मैच में, टॉप सीड ने अपना धैर्य बनाए रखा और क्रोएशियाई खिलाड़ी को दो घंटे, दो मिनट के रोमांचक मुकाबले में 7-6(5), 7-6(3) से हराया, और 37 साल के खिलाड़ी को 22 एस से हराया।

फ्रिट्ज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, %बस बहुत शांत सर्विंग। मुझे लगता है कि जब मैं शांत और रिलैक्स महसूस करता हूं, तो यही सबसे बड़ी बात है, मैं अच्छी सर्व करता हूं।% दोनों खिलाड़ियों ने बिना ब्रेक वाले मैच में बड़ी डिलीवरी से दबदबा बनाया। फ्रिट्ज़ को ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने सिलिच के 16 के मुकाबले 22 एस मारे, जिसमें पहले सेट के टाई-ब्रेक में चार शामिल थे।

हालांकि वह अपने पांच ब्रेक-पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाए, लेकिन सर्व पर फ्रिट्ज के शांत स्वभाव ने आखिरकार फर्क पैदा किया क्योंकि उन्होंने अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 86 प्रतिशत (48/56) जीता। इस जीत के साथ फ्रिट्ज ने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज़ में 3-1 की बढ़त बना ली और 2024 में यूएस ओपन के फ़ाइनल में पहुंचने के बाद घरेलू मैदान पर अपने पहले फाइनल में पहुंच गए।

## अरुंधति रेड्डी की घातक गेंदबाजी से भारत की जीत, सीरीज में 1-0 की बढ़त



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 रन (DLS नियम) से जीत दर्ज की। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को भारतीय गेंदबाजों ने 133 रन पर समेट दिया, जबकि दो ओवर अभी बाकी थे।

अरुंधति रेड्डी मैच की स्टार रहीं। उन्होंने 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट झटके और अहम मौकों पर ऑस्ट्रेलिया की पारी को झकझोर दिया। रेणुका सिंह और श्री चरणी ने भी सधी हुई गेंदबाजी की। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फील्डिंग में शानदार डाइविंग कैच लेकर टीम का हौसला बढ़ाया।

ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरुआत की और तीन ओवर में 22 रन बना लिए, लेकिन बेथ मूनी के आउट होते ही विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया। एलिस पेरी और फोएबे लिचफील्ड ने 41 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने वापसी करते हुए लगातार विकेट चटकाए।

80 रन पर पांच विकेट गिरने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। जॉर्जिया वेयरहैम ने थोड़ी देर संघर्ष किया, लेकिन टीम 133 रन पर सिमट गई।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अच्छी शुरुआत की। टीम का स्कोर 50/1 था जब सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा।

उपकप्तान स्मृति मंधाना (16*) और जेमिमा रोड्रिग्स (9*) क्रीज पर मौजूद थीं। बारिश के कारण मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका और ष्ठरुस् नियम के तहत भारत को 21 रन से विजेता घोषित किया गया।

# टी20 वर्ल्ड कप: श्रीलंका के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

**पल्लेकेले(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की टीम मेजबान श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अहम मुकाबले में किसी भी हाल में जीत हासिल करना रहेगा। ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य इस मैच को जीतकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी संभावनाएं बनाये रखना रहेगा। पिछले मैच में टीम को जिम्बाब्वे के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उससे सबक लेते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच में अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को शामिल कर सकती है। पिछले मैच में उसके बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करने में असफल रहे थे। अब उसे सुपर आठ में पहुंचने के लिए इस मैच के साथ ही ओमान के खिलाफ मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।

ऑस्ट्रेलिया अभी ग्रुप बी में अंक तालिका में दो मैचों में दो अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। जिम्बाब्वे के खिलाफ उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज विफल रहे थे जिससे टीम 146 रन ही बना पायी और उसे 23 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। कप्तान मिचेल मार्श चोटिल होने के कारण उस मैच में नहीं खेल पाए थे। वहीं स्मिथ को मार्श के कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है उन्हें हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है।




ऑस्ट्रेलियाई टीम स्मिथ को चोटिल तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड के बाहर होने के कारण उनकी जगह पर शामिल कर सकती है। स्पिन के खिलाफ स्मिथ का अच्छा रिकॉर्ड और उनके आने से बल्लेबाजी बेहतर होगी। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह राहत की बात है कि ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को पिछले मैच में अपने बाएं हाथ पर लगी चोट से उबरकर वापसी के लिए तैयार हैं।

ऑस्ट्रेलिया को इस बार मिचेल स्टार्क, चोटिल पैट कमिंस और हेज़लवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की कमी भी महसूस हो रही है। नाथन एलिस ने अच्छी गेंदबाजी की है पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शियस और जेवियर बार्टलेट विफल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की इस टीम को भारत में हुए 2023 एकदिवसीय विश्व कप के दौरान भी ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा था। तब श्रीलंका के खिलाफ मिली जीत ने उनके लिए हालात बदल दिए, जिसके बाद उसने फाइनल सहि नौ मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। उस बात से टीम प्रेरणा लेना चाहेगी।

जिम्बाब्वे से हार के बाद कप्तानी संभाल रहे ट्रैविस हेड ने कहा था, हम पहले भी ऐसी स्थिति का सामना कर चुके हैं। हमने 2023 में कुछ हार और चोटों के कारण पहले भी इस तरह की स्थिति देखी है। हमारे पास यहां कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो 2023 में भारत में खेल चुके हैं और हम इस स्थिति से निपटने और उस रणनीति का उपयोग करने की कोशिश करेंगे। वहीं दूसरी ओर सह-मेजबान श्रीलंका ओमान और आयरलैंड के खिलाफ आसान जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है और उसके हौंसले बढ़ हुए हैं। उससे घरेलू धरती पर खेलने का भी लाभ मिलेगा।

उसे हालांकि स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा की कमी खलेगी। उनकी अनुपस्थिति में श्रीलंका महेश तीक्षना और बाएं हाथ के स्पिनर दुनीत वेलालेज पर काफी हद तक आधारित रहेगा।

## हैरी केन ने अपने करियर का 500वां गोल दागा

बर्लिन। इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने शनिवार को बायर्न म्यूनिख की तरफ से दो गोल करके अपने देश और विभिन्न क्लबों की तरफ से 500 गोल करने की उपलब्धि हासिल की। केन ने अपने दो गोल में से एक गोल पेनल्टी पर किया। यह पेनल्टी पर किया गया उनका 100वां था। केन के दो गोल की मदद से बायर्न ने वेर्डर ब्रेमेन पर 3-0 से जीत हासिल करके बुंडेसलिगा में अपनी छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी। केन ने मैच के बाद कहा, ''अच्छा लग रहा है। 500 गोल तक पहुंचना वाकई गर्व की बात है। इसमें बहुत मेहनत और त्याग लगा है, इसलिए यहां तक पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। लेकिन हमेशा की तरह अब अगला मैच ही मायने रखता है।'' केन ने अपना पहला गोल जनवरी 2011 में 17 साल की उम्र में इंग्लैंड के तीसरी श्रेणी के क्लब लेटन ओरिएंट की तरफ से खेलते हुए शेफील्ड वेडनेसडे के खिलाफ किया था। केन को 500 गोल तक पहुंचने के लिए 743 मैचों की जरूरत पड़ी। इस 32 वर्षीय इस फॉरवर्ड ने इंग्लैंड के लिए 112 मैचों में 78 गोल किए हैं।



## मार्करम कप्तान के तौर पर सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ियों में शामिल

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम ने टी20 विश्व कप 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में 44 गेंदों में नाबाद 88 रनों की पारी के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है।



इसी के साथ ही मार्कराम कप्तान के तौर पर सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गये। मार्करम ने अपनी इस पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाये। इससे पहले ये रिकार्ड भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम था। इससे दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी के इस मैच में जीत के लिए मिले 176 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। मार्करम ने इस मैच में केवल 19 गेंदों में ही पचास रन पूरे कर लिए। ये टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की ओर से सबसे तेज अर्धशतक है। इस प्रकार उन्होंने रोहित शर्मा के क्लब में प्रवेश किया। रोहित ने साल 2024 टी20 विश्व कप में कप्तान के तौर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 गेंदों में ही अपने पचास रन बना दिये थे। तब रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 गेंदों में 92 रनों की पारी खेली, जिसमें सात चौके और आठ छक्के शामिल हैं। सबसे तेज पचास रन बनाने वाले कप्तानों में श्रीलंका के दासुन शनाका भी हैं। शनाका ने भी ओमान के खिलाफ 19 गेंदों में 50 रन बनाये थे। वहीं मोहम्मद अशरफुल ने 20 और महेला जयवर्धने ने 21 गेंद में अर्धशतक लगाये थे।

# टी20 विश्वकप : यूएई के खिलाफ हर हाल में जीत हासिल करने उतरेगी अफगानिस्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की टीम सोमवार को ग्रुप डी के अहम मुकाबले में अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में सुपर ओवर में हार के कारण अब उसे अंतिम आठ के लिए अपनी संभावनएं बरकारार रखने ये मैच हर हाल में जीतना होगा। वहीं यूएई ने पिछले मैच में कनाडा को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड छह और चार अंकों लेकर शीर्ष दो स्थानों पर हैं, ऐसे में यूएई को क्वालीफाई करने इस मैच में जीत हासिल करनी होगी। वहीं अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहद करीबी हार के बाद ये मैच जीतना चाहेगी। उसे अंतिम आठ में जगह बनाने अपने बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में बने रहने के लिए अन्य मैचों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। इससे पहले न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था




जबकि कनाडा के खिलाफ भी उसे कड़े संघर्ष के बाद जीत मिली थी।

कनाडा के खिलाफ यूएई के शीर्ष और मध्य क्रम के बल्लेबाज विफल रहे थे हालांकि सलामी बल्लेबाज आर्यंश शर्मा के 74 रनों से उसे जीत मिली। इसके अलावा शोएब खान ने 51 रन बनाये। यूएई के बल्लेबाजों के लिए अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी का सामना करना कठिन रहेगा। यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम कहना है कि हमें सातवें से 15वें और 16वें ओवर तक बीच के ओवरों में अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।

यूएई की गेंदबाजी इकाई ने कनाडा के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की थी। तेज गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी ने पांच विकेट लिए पर रहमानुल्लाह गुरबाज, गुलबदीन नायब और अजमतुल्लाह उमरजाई जैसे बल्लेबाजों को रोकना उनके लिए आसान नहीं रहेगा। गुरबाज ने पिछले मैच में 42 गेंदों में 84 रन बनाकर बनाकर आक्रामक बल्लेबाजी की थी जो वह अब भी जार रखना चाहेंगे।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**अफगानिस्तान-** राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान (उपकप्तान), दरविश रसूली, मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, शाहिदुल्लाह, अब्दुल्ला अहमदजई, फजलहक फारूकी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, जियाउर रहमान।

**यूएई-** मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, आर्यांश शर्मा, ध्रुव पराशर, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मयंक कुमार, मुहम्मद अरफान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, हैदर शाह, रोहिद खान, सोहैब खान, सिमरनजीत सिंह।

## आईएसएल की शानदार शुरुआत, मोहन बागान ने केरला ब्लास्टर्स को 2-0 से हराया



कोलकाता। गत चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट्स ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र की दमदार शुरुआत करते हुए शनिवार को यहां केरला ब्लास्टर्स एफसी को 2-0 से मात दी। मोहन बागान के लिए पहला गोल 36वें मिनट में जैमी मैकलारेन ने दागा। मैच के अंतिम क्षणों में दूसरे हाफ के इंजरी टाइम (90+6 मिनट) में टॉम एल्ड्रेड ने गोल कर जीत पक्की कर दी। मैकलारेन को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इस बीच, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बड़ा ऐलान करते हुए पुष्टि की कि इस सत्र से आईएसएल में पहली बार रेलीगेशन प्रणाली लागू की गई है। अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहने वाली टीम को दूसरे स्तर की इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) में भेजा जाएगा, जबकि आईएफएल की चैंपियन टीम को अगले सत्र में आईएसएल में पदोन्नत किया जाएगा। एआईएफएफ के अनुसार, 12वें आईएसएल सीजन की चैंपियन टीम को अगले सत्र में एएफसी चैंपियंस लीग-2 के प्रारंभिक दौर में प्रवेश मिलेगा। दूसरे स्तर की आई-लीग का नाम बदलकर अब इंडियन फुटबॉल लीग कर दिया गया है, जिसकी शुरुआत 21 फरवरी से होगी।

# भारत-पाकिस्तान मैच में कायम रही 'No Handshake' की परंपरा, सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान कैप्टन को किया इग्नोर!

**कोलंबो (एजेंसी)।** कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेले जा रहे इस महत्वपूर्ण मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना। हालांकि, इस दौरा भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाया। इस दौरान दोनों कप्तानों के बीच कोई बात भी नहीं हुई है। यह परंपरा पिछले साल दुबई में हुए एशिया कप से चली आ रही है। भारत ने एशिया कप 2025 से इस रुख का पालन किया है और इसे आयु वर्ग के टूर्नामेंटों के साथ-साथ पुरुष और महिला क्रिकेट में भी लागू किया है।

पहलगाम हत्याकांड और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर दुबई में आयोजित पिछले साल के एशिया कप के बाद से दोनों पक्षों के खिलाड़ियों ने हाथ नहीं मिलाए हैं। क्या आपको पहले बल्लेबाजी करने में कोई आपत्ति है सवाल के जवाब में टॉस के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि बिलकुल नहीं। हम पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे। हमने यहां के नतीजे देखे हैं, और हमने पिछले दो मैचों में पहले बल्लेबाजी की है और दोनों में ही जीत हासिल की है, इसलिए हम कुछ भी बदलना नहीं चाहते।

बड़े मौके को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह कहना आसान है कि यह सिर्फ एक और मैच है, लेकिन यह एक बड़ा अवसर है। ये मैच हमेशा बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन साथ ही, आपको यह भी पता होना चाहिए कि आप क्या करना चाहते हैं। यही ज्यादा महत्वपूर्ण है। वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करें, अपने कौशल पर भरोसा रखें, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और खुद पर भरोसा रखें। (क्या फॉर्म मायने रखता है?) यह खेल आपको बहुत कुछ सिखाता है। किसी भी दिन, अगर आप अच्छा खेल रहे हैं, तो किसी का भी दिन अच्छा हो सकता है। दो बदलाव। अभिषेक शर्मा टीम में आए हैं और कुलदीप यादव अर्शदीप सिंह की जगह आए हैं।

शनिवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा भी इसी तरह सतर्क दिखे। हाथ मिलाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर आगा ने कहा कि हम कल देखेंगे। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खेल भावना सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि क्रिकेट सही भावना से खेला जाना चाहिए। मेरी निजी राय मायने नहीं रखती। लेकिन क्रिकेट उसी तरह खेला जाना चाहिए जैसे हमेशा से खेला जाता रहा है। यह उन पर निर्भर है कि वे क्या करते हैं।

हाथ न मिलाने का रुख सबसे पहले पिछले साल के एशिया कप के दौरान विवाद का मुख्य कारण बना, जब सूर्यकुमार के इनकार पर कथित




तौर पर पाकिस्तान और पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में बने रहने से पहले अपने अगले मैच का बहिष्कार करने की धमकी भी दी थी।

## विराट से दो बल्ले पाकर गदगद नजर आये अफगानिस्तान के बल्लेबाज गुरबाज



अहमदाबाद। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी से दिल जीतने वाले अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को दो बल्ले उपहार में दिये हैं। वही गुरबाज ने शानदार तोहफा देने के लिए विराट का आभार जताया और कहा भाई आप महान हैं, हर पीढ़ी आपसे प्रेरणा लेती है।' गुरबाज के इस संदेश से साफ है कि वह विराट का बेहद सम्मान करते हैं। यह पहली बार नहीं है जब कोहली ने अपने बेशकीमती बल्लों को साथी खिलाड़ियों को भेंट किया है। वह आम तौर पर अपने बल्लों को उपहार में देते आये हैं। इसे पहले उन्होंने बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के अपने ही साथ खिलाड़ी रजत पाटीदार और रिंकू सिंह को भी उपहार में बल्ले दिये थे। गुरबाज ने इस मैच में धमाकेदार बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया था। इस बल्लेबाज ने जबरदस्त शॉट लगाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बल्लेबाजी के दौरान वह निडर दिखे। इस मैच का परिणाम दो सुपर ओवरों में निकला अफगान टीम को हार जरुर झेलनी पड़ी पर गुरबाज ने दिल जीत लिया।

# वेदांता ने नायरा को घरेलू कच्चे तेल की आपूर्ति रोकी

**- नायरा में रोसनेफ्ट समेत कई रूसी कंपनियों का स्वामित्व है**

**नई दिल्ली ।**

रूस के अलावा दुनिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति बंद होने के बाद रोसनेफ्ट के समर्थन वाली वाली भारतीय रिफाइनरी कंपनी नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना बंद हो गया है। सूत्रों के मुताबिक वेदांता लिमिटेड की केयर्न ऑयल एंड गैस ने पाबंदियों के इस माहौल के बीच नायरा को राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से से कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी है। नायरा में रोसनेफ्ट समेत कई रूसी कंपनियों का स्वामित्व है। राजस्थान से आने वाला कच्चा तेल उसकी कुल जरूरत का लगभग पांच-10 प्रतिशत था। इस आपूर्ति को गुजरात में उसकी दो करोड़ टन सालाना (लगभग 4,00,000 बैरल प्रति दिन) क्षमता वाली वाडिनार रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता था। पिछले साल यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज एक प्रतिबंध के दायरे में आने वाली कंपनी के साथ वाणिज्यिक करार के कारण दूसरे पाबंदियों के खतरे को लेकर सावधान हो गई थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले दो




सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि अनुपालन की संभावित दिक्कतों से बचने के लिए वेदांता की केयर्न ऑयल एंड गैस ने नायरा को कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी। केयर्न ऑयल एंड गैस राजस्थान के बाड़मेर तेल क्षेत्र का परिचालन करती है। हालांकि, इस बारे में नायरा को भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं मिला।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंप नियों का मार्केट कैप तीन लाख करोड़ से अधिक घटा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत बढ़ गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 90,198.92 करोड़ रुपये घटकर 9,74,043.43 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 70,780.23 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,55,287.72 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 54,627.71 करोड़ रुपये घटकर 13,93,621.92 करोड़ रुपये



और रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 41,883 करोड़ रुपये घटकर 19,21,475.79 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 23,971.74 करोड़ रुपये घटकर 5,46,226.80 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 19,244.61 करोड़ रुपये घटकर 11,43,044.03 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के विपरीत एसबीआई का मूल्यांकन 1,22,213.38 करोड़ रुपये बढ़कर 11,06,566.44 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 26,414.44 करोड़ रुपये बढ़कर 6,37,244.64 करोड़ रुपये हो गई। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 14,483.9 करोड़ रुपये बढ़कर 5,74,028.93 करोड़ रुपये हो गया।

# सट्टेबाजी पर लगाम लगाने आरबीआई ने शेयर बाजार से जुड़े कर्ज नियम किए सख्त

**1 अप्रैल से लागू होंगे नए निर्देश, नए नियमों का सबसे अधिक असर प्रोपायटरी ट्रेडिंग फर्मों पर पड़ेगा**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शेयर और कमोडिटी बाजार में बढ़ती सट्टेबाजी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कर्ज नियमों को कड़ा कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल से प्रतिभूति बाजार से जुड़े ब्रोकरों और अन्य मध्यस्थ संस्थानों को दिए जाने वाले सभी ऋण पूरी तरह सुरक्षित (कोलेटरल आधारित) होने चाहिए। अब बैंक ऐसे किसी भी कर्ज की अनुमति नहीं देंगे, जिसका उपयोग ब्रोकर अपनी खुद की प्रोपायटरी ट्रेडिंग या निवेश गतिविधियों में करें। नए नियमों का सबसे अधिक असर प्रोपायटरी ट्रेडिंग फर्मों पर पड़ सकता है। पूंजी की लागत बढ़ने और उधारी सीमित होने से उनकी लाभप्रदता पर दबाव आने की आशंका है। देश के सबसे बड़े शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में पिछले वर्ष इक्विटी ऑप्शंस कारोबार में प्रोप फर्मों की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही, जबकि कैश इक्विटी सेगमेंट में उनकी भागीदारी करीब 30




प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 21 वर्षों का उच्च स्तर है। विशेषज्ञों का मानना है कि पूंजी की उपलब्धता घटने से ट्रेडिंग वॉल्यूम प्रभावित हो सकता है। आरबीआई ने यह भी निर्देश दिया है कि यदि बैंक किसी ब्रोकर की ओर से प्रोप ट्रेड के लिए गारंटी देते हैं, तो वह पूरी तरह सुरक्षित होनी चाहिए। कुल जमानत में कम से कम 50 प्रतिशत नकद अनिवार्य होगा, जबकि शेष हिस्सा नकद समकक्ष या सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में स्वीकार किया जाएगा। मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा के तहत दिए जाने वाले ऋण भी अब केवल नकद या अत्यधिक तरल प्रतिभूतियों से सुरक्षित होंगे। यदि शेयर जमानत के रूप में पेश किए जाते हैं, तो उन पर 40 प्रतिशत की छूट (हेयरकट) लागू होगी। केंद्रीय बैंक का यह कदम वित्तीय प्रणाली में जोखिम को सीमित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# आईटी सेक्टर निफ्टी 50 में 26 साल के निचले स्तर पर, ऑयल और बीएफसी आगे

**- वित्त वर्ष 2025-26 में आईटी शेयरों का प्रदर्शन व्यापक बाजार की तुलना में कमजोर रहा**

**नई दिल्ली ।**

देश के सूचना प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र के लिए मौजूदा वित्त वर्ष निराशाजनक रहा है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, विप्रो और एचसीएल टेक जैसी बड़ी आईटी कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट का असर निफ्टी 50 इंडेक्स में भी दिखाई दे रहा है। निफ्टी 50 में आईटी सेक्टर का वेटेज घटकर 8.8 फीसदी रह गया है, जो मार्च 1999 के बाद सबसे कम स्तर है। मार्च 2025 में यह 11.7 फीसदी था, जबकि महामारी के दौरान मार्च 2021 में 16.2 फीसदी तक पहुंचा था। फिलहाल निफ्टी 50 में पांच आईटी कंपनियां हैं, जिनमें सबसे अधिक वेटेज इन्फोसिस (3.97 फीसदी) और टीसीएस (2.27 फीसदी) का है। आईटी सेक्टर अब निफ्टी 50 में तीसरे स्थान पर खिसक गया है। ऑयल और गैस सेक्टर, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल है, ने इसे पीछे छोड़ दिया है। इस सेक्टर की हिस्सेदारी वर्तमान में 9.2 फीसदी है। वहीं बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) सेक्टर का दबदबा बढ़कर 36.5 फीसदी हो गया है। यह पिछले साल 35.6 फीसदी था। वित्त वर्ष 2025-26 में आईटी शेयरों का प्रदर्शन व्यापक बाजार की तुलना में कमजोर रहा। निफ्टी आईटी इंडेक्स, जो देश की 10 प्रमुख आईटी कंपनियों के फ्री फ्लोट मार्केट कैप को ट्रैक करता है, पिछले साल मार्च से अब तक 11.4 फीसदी गिर चुका है।

# वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

**- सोने और चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव भी बाजार की धारणा कर सकता है प्रभावित**

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार ने पिछले सप्ताह आईटी कंपनियों में दबाव के कारण गिरावट का सामना किया। सप्ताह की शुरुआत में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन शुक्रवार को बाजार में भारी गिरावट ने निवेशकों के पोर्टफोलियो पर लाल निशान छोड़ दिए। विशेषज्ञों के अनुसार यह सप्ताह किसी रोलर-कोस्टर राइड से कम नहीं था। निवेशक अब आने वाले सप्ताह की ओर अपनी नजरें लगाए हुए हैं, क्योंकि बाजार में स्थिरता की उम्मीद फिलहाल नहीं है। इस सप्ताह में निवेशक मुख्य रूप से वैश्विक संकेतों पर ध्यान देंगे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मिनट्स जारी होने वाले हैं, जो ब्याज दरों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था की स्थिति का स्पष्ट संकेत देंगे। इसके अलावा सोने और चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव भी भारतीय बाजार की धारणा को प्रभावित कर सकता है। निवेशक इन संकेतों के आधार पर अपने निवेश निर्णयों को संशोधित कर सकते हैं। घरेलू स्तर पर इस सप्ताह




आयात-निर्यात के आंकड़े जारी होंगे। ये आंकड़े बाजार की धारणा को सीधे प्रभावित कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशक इन आंकड़ों और वैश्विक संकेतों का विश्लेषण करके अपनी रणनीति तय करेंगे। इसके अलावा बैंकिंग, मेटल और आईटी सेक्टर पर भी इन आंकड़ों का असर देखा जा सकता है।

## यूनिलीवर का भारत में कारोबार मजबूत, होम केयर खंड में बिक्री बढ़ी

नई दिल्ली ।

ब्रिटेन की बहुराष्ट्रीय उपभोक्ता सामान कंपनी यूनिलीवर ने कहा है कि अमेरिका के बाद उसका दूसरा सबसे बड़ा बाजार भारत में कारोबार की बुनियादी स्थिति में सुधार हो रहा है। कंपनी के चौथी तिमाही के नतीजों में यह बात सामने आई। यूनिलीवर ने बताया कि होम केयर खंड में 4.7 प्रतिशत की अंतर्निहित बिक्री वृद्धि और 4 प्रतिशत की बिक्री मात्रा में वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी के अनुसार, यह वृद्धि भारत में उत्पादों की लगातार मजबूत खपत के कारण संभव हुई। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि होम केयर खंड में फैब्रिक वॉश और घरेलू देखभाल उत्पादों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर भारत में बिक्री की मात्रा मध्यम एकल अंक में बढ़ी। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी ने अब तक की सबसे बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल की। फर्नांडीस ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका और भारत यूनिलीवर के लिए स्पष्ट रूप से एंकर मार्केट (मुख्य आधार बाजार) हैं। यूनिलीवर के लिए भारत न केवल बिक्री में वृद्धि का स्रोत बन रहा है, बल्कि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में भी मदद कर रहा है।

## लेनोवो इंडिया का राजस्व बढ़ा, डिजिटल और एआई खंड में मजबूती

**- तीसरी तिमाही में 8,145 करोड़ रुपये का राजस्व मिला**




**नई दिल्ली ।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लेनोवो इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में अपने राजस्व में 7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है, जो बढ़कर 8,145 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने इस वृद्धि के लिए भारत में डिजिटलीकरण की गति और एआइ (कृत्रिम मेधा) अपनाने को मुख्य कारण बताया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह प्रदर्शन केवल एक बार का उछाल नहीं है, बल्कि निरंतर बनी रहने वाली मांग को दर्शाता है। मोबाइल, कंप्यूटर/लैपटॉप, टैबलेट और अवसंरचना खंडों में लेनोवो के विस्तृत पोर्टफोलियो ने इस वृद्धि को बल दिया। आईडीसी के आंकड़ों के अनुसार मोटोरोला ने इस तिमाही में भारत में 8.3 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल की। इसके अलावा लेनोवो के कंप्यूटर/लैपटॉप व्यवसाय और सर्वर एवं अवसंरचना खंड ने भी सालाना दहाई अंकों में वृद्धि दर्ज की। अे धिकारी ने बताया कि भारत की वैश्विक राजस्व में हिस्सेदारी लगभग 4 फीसदी, जबकि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में यह 24 फीसदी है। भारत केवल राजस्व केंद्र नहीं, बल्कि विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास और एआई प्रतिभा विकास का भी मुख्य केंद्र बन रहा है। सरकार की पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना जैसी पहलें इस तंत्र को और मजबूत कर रही हैं। कंपनी का मानना है कि डिजिटलीकरण और एआई अपनाने की गति आने वाले वर्षों में व्यवसायिक विकास को और तेज करेगी।

## बेजेल इंटरनेशनल दे रही है पहली बार बोनस शेयर

**मुंबई ।** बेजेल इंटरनेशनल` लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह अपने निवेशकों को पहली बार बोनस शेयर देगी। कंपनी ने तय किया है कि हर शेयरधारी को 1इ1 रेशियो में बोनस शेयर मिलेगा। इसके लिए रिकॉर्ड डेट 18 फरवरी 2026 रखी गई है। यानी इस दिन जिन निवेशकों के नाम कंपनी की रिकॉर्ड बुक में होंगे, उन्हें ही बोनस शेयर का लाभ मिलेगा। पिछले दो हफ्तों में बेजेल इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरों में 17.59 फीसदी की तेजी आई है। हालांकि, एक साल में निवेशकों को 21 फीसदी का नुकसान हुआ है। कंपनी का 52-सप्ताह का हाई 94.55 और लो 50.05 रुपए है। बेजेल ने लंबी अवधि में शानदार प्रदर्शन दिखाया है। दो साल में 88 फीसदी, तीन साल में 79 फीसदी और पांच साल में 492 फीसदी का रिटर्न निवेशकों को मिला है। कंपनी का मार्केट कैप 18.35 करोड़ रुपए है। दिसंबर 2025 तक प्रमोटर्स के पास 0.08 फीसदी हिस्सेदारी थी, जबकि पब्लिक के पास 94.26 फीसदी शेयर थे।

## सोना-चांदी में नई तेजी की तैयारी, निवेशकों की नजर रैली पर

**एमसीएक्स पर चांदी 3.6 फीसदी बढ़ी, सोना 1,56,200 रुपए पर स्थिर**

**नई दिल्ली ।** सोने और चांदी की कीमतों में हालिया उतार-चढ़ाव के बीच बाजार में फिर से तेजी की चर्चा तेज हो गई है। शुक्रवार को एमसीएक्स पर चांदी 8,564 रुपए बढ़कर 2,44,999 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 305 रुपए की हल्की बढ़त के साथ 1,56,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गिरावट के बाद रिकवरी देखने को मिली। हाजिर चांदी 2.1 फीसदी बढ़कर 77.27 डॉलर प्रति औंस और हाजिर सोना 2.33 फीसदी चढ़कर 5,063 डॉलर प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। विशेषज्ञों का मानना है कि सोने के लिए 1,50,000 रुपए प्रति 10 ग्राम का स्तर मजबूत सपोर्ट बना हुआ है। यदि कीमतें 1,60,000 रुपए के ऊपर टिकती हैं, तो 1,65,000-1,70,000 रुपए की ओर नया बुलिश मोमेंटम बन सकता है। चांदी के लिए 2,33,000-2,35,000 रुपए प्रति किलोग्राम का सपोर्ट जोन मजबूत माना जा रहा है। 2,65,000 रुपए के ऊपर ब्रेकआउट होने पर मीडियम टर्म में 2,80,000 रुपए तक तेजी की संभावना जताई जा रही है। बाजार में रिकवरी को निवेशकों की नई खरीदारी और कमजोर डॉलर संकेतों से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा वैश्विक संकेत, ब्याज दरों को लेकर उम्मीदें और निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी आने वाले दिनों में सोना-चांदी की चाल तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सपोर्ट मजबूत बने हुए हैं और यदि प्रमुख रेजिस्टेंस स्तर टूटते हैं तो बुलियन मार्केट में फिर से बुलिश ट्रेंड देखने को मिल सकता है। निवेशक अब अगली बड़ी रैली के संकेतों पर नजर बनाए हुए हैं, जिससे आने वाले हफ्तों में बाजार में नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

# विदेशी दबाव और नई फसल के बीच खाद्य तेलों के दाम में उतार-चढ़ाव

**- अधिकांश तेल-तिलहन के दाम सप्ताह के अंत तक गिरावट के साथ बंद हुए**

**नई दिल्ली ।**

विदेशी बाजारों में पिछले सप्ताह खाद्य तेलों के दाम में गिरावट रही। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की अफवाहों ने भी घरेलू बाजार पर दबाव डाला। अधिकांश तेल-तिलहन के दाम सप्ताह के अंत तक गिरावट के साथ बंद हुए। सरसों का दाम एमसएपी से ऊपर बना हुआ है। नई फसल मंडियों में आने को तैयार है और तेल की मात्रा भी अधिक है। तेल मिलें खरीद मूल्य कम करने का प्रयास कर रही हैं। मौसम खुलने पर आवक बढ़ने से दाम और टूटने की संभावना है। सोयाबीन की उपलब्धता कम होने के कारण तेल संयंत्र पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे। ब्राजील में अच्छी फसल और आगे के सौदे दामों को 8-10 रुपये/किलो नीचे धकेल रहे हैं। परिणामस्वरूप सोयाबीन तेल के दाम में भी गिरावट रही। मूंगफली की मांग अधिक और उपलब्धता कम रहने से दाम में मजबूती बनी रही। जाड़े और कम मांग के कारण पाम और पामोलीन तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। सरकार ने आयात शुल्क भी बढ़ाया है, जिससे बाजार में संतुलन बनाने की कोशिश की जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 40 रुपये की गिरावट के साथ 6,910-6,935 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 50 रुपये की गिरावट के साथ 14,200 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,390-2,490 रुपये और 2,390-2,535 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 250-250 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 5,350-5,400 रुपये और 4,950-5,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 250 रुपये की गिरावट के साथ 14,350 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 250 रुपये की गिरावट के साथ 13,950 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 300 रुपये की गिरावट के साथ 11,200 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। उन्होंने कहा कि बाजार के आम रुख के उलट, जाड़े में साबुत खाने और अच्छी गुणवत्ता के खाद्य तेल की मांग बढ़ने से अकेले मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार देखा गया। मूंगफली तिलहन 125 रुपये सुधरकर 7,125-7,500 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 400 रुपये के सुधार के साथ 17,500 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 2,775-3,075 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। बीते सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम 175 रुपये की गिरावट के साथ 11,725 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 200 रुपये की गिरावट के साथ 13,625 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 200 रुपये की गिरावट के साथ 12,525 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।गिरावट के आम रुख के बीच, समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल का दाम भी 250 रुपये की गिरावट के साथ 13,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## इंफोसिस ने दिसंबर तिमाही में औसतन 85 फीसदी बोनस का ऐलान किया




**नई दिल्ली ।** देश की प्रमुख आईटी कंपनी इंफोसिस ने दिसंबर तिमाही के लिए कर्मचारियों को औसतन 85 प्रतिशत प्रदर्शन बोनस देने की घोषणा की है। व्यक्तिगत स्तर पर बोनस 75 से 100 फीसदी तक दिया गया। कुछ कर्मचारियों को पिछले क्वार्टर से करीब 15 फीसदी अधिक राशि मिली है। यह वित्त वर्ष 2025-26 का अब तक का सबसे अधिक बोनस माना जा रहा है। जनवरी में जारी तीसरी तिमाही के नतीजों के अनुसार, स्थिर मांग और बड़े डील्स ने कारोबार को मजबूती दी। इसी सकारात्मक प्रदर्शन के चलते इस बार वेरिएबल पे पहले की तुलना में बेहतर है। इंफोसिस में करीब 3.23 लाख कर्मचारी हैं। कंपनी ने नवंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक वार्षिक मूल्यांकन पूरा किया और दिसंबर में व्यक्तिगत रेटिंग जारी की। आईटी सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से विकास के बीच यह बेहतर बोनस कर्मचारियों के मनोबल और विश्वास को मजबूत करने वाला कदम माना जा रहा है। कर्मचारी अब सालाना वेतन वृद्धि की घोषणा पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, पिछले साल अधिकतर कर्मचारियों को 5-8 फीसदी वृद्धि मिली थी।

# हीरो मोटोकॉर्प का स्कूटर, प्रीमियम बाइक और ईवी पर फोकस

**- चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 16.97 लाख मोटरसाइकिल और स्कूटर बेचे गए**

**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प अब उन क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने पर ध्यान दे रही है, जहां इसकी हिस्सेदारी अभी कम है। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि स्कूटर, प्रीमियम मोटरसाइकिल और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) में विस्तार की बड़ी संभावना है। उनका कहना था कि तेजी से बढ़ते इन सेगमेंट में अवसरों का पूरा फायदा उठाना कंपनी की प्राथमिकता है। हीरो मोटोकॉर्प अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपने कदम मजबूत करने का इरादा रखती है। इसके अलावा, कलपुर्ज़ और एक्सेसरीज (स्पेयर पार्ट्स और सहायक उपकरण) के कारोबार में विस्तार कर कंपनी अपने राजस्व के नए स्रोत खोज रही है। दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 12,487 करोड़ रुपये का राजस्व और 1,275 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 16.97 लाख मोटरसाइकिल और स्कूटर बेचे गए, जो पिछले साल इसी अवधि की 14.64 लाख इकाई की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। अे धिकारी ने बताया कि कंपनी अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत और लचीला बनाए रखने पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि कलपुर्ज़ की कमी और भू-राजनीतिक चुनौतियां पूरी तरह समाप्त




नहीं हुई हैं, लेकिन कंपनी इन परिस्थितियों से अच्छी तरह निपट रही है। हीरो मोटोकॉर्प प्रीमियम स्कूटर, ईवी पोर्टफोलियो और 'हीरो 2.0' व 'प्रीमिया' के माध्यम से ग्राहक सेवा में सुधार और निवेश जारी रखेगी। कंपनी की रणनीति स्पष्ट हैः सिर्फ बिक्री बढ़ाना ही नहीं, बल्कि उच्च-मूल्य वाले सेगमेंट और वैश्विक विस्तार में भी अपनी पकड़ मजबूत करना।

## सुप्रीम कोर्ट की रेरा पर सख्ती, रियल एस्टेट सेक्टर में बढ़ेगी जवाबदेही

**- निवेशक और खरीदार जिम्मेदार और संगठित कंपनियों की ओर आकर्षित होंगे**

**नई दिल्ली ।**

सुप्रीम कोर्ट ने रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के कामकाज पर गंभीर टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि कई राज्यों में प्राधिकरण डिफॉल्टर बिल्डर्स को राहत देते दिख रहे हैं, जबकि उनका मुख्य उद्देश्य खरीदारों के हितों की सुरक्षा करना है। कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि यदि प्राधिकरण प्रभावी ढंग से कार्य नहीं करते, तो रेरा के अस्तित्व पर पुनर्विचार आवश्यक हो सकता है। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि अब केवल कानून का होना पर्याप्त नहीं है; उसका ईमानदार और कड़ा प्रवर्तन जरूरी है। राज्यों के रेरा प्राधिकरणों को परियोजनाओं की समयसीमा की निगरानी, एस्क्रो खातों का पारदर्शी उपयोग और लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करना होगा। इससे खरीदारों का भरोसा बढ़ेगा और बाजार में पारदर्शिता आएगी। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद रेरा प्राधिकरणों पर दबाव बढ़ेगा कि शिकायतों का निपटारा तेजी और पारदर्शिता के साथ करें। इससे घर खरीदारों के अधिकार सुरक्षित होंगे और उनकी उम्मीदों पर खरी उतरी जाएगी। विश्लेषकों के अनुसार, सख्त प्रवर्तन छोटे या कमजोर डेवलपर्स के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है।



# सोशल मीडिया पर सब सच नहीं होता

साउथ स्टार धनुष के साथ शादी की अफवाहों के बीच एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। खास बातचीत में मृणाल ने साफ कहा कि सोशल मीडिया और खबरों में चल रही चर्चाओं से अब उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन पहले इन बातों का असर होता था। मृणाल ने कहा, 'यह अंदर की दुनिया है और बाहर की दुनिया का अपना एक अलग परसेप्शन होता है। कभी मुझे पता चलता है कि मेरी शादी होने वाली है, कभी सुनने को मिलता है कि यह होने वाला है, वह होने वाला है। मैं खुद इन बातों से वाकिफ नहीं होती थी। पहले इन सबसे बहुत फर्क पड़ता था, लेकिन अब मैं इन पर हंसती हूं।' उन्होंने आगे कहा कि अगर उन्हें अपनी निजी जिंदगी या किसी खास बात की जानकारी देनी होगी, तो वह खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर साझा करेंगी।
मृणाल ठाकुर ने कहा- 'अफवाहें खबर नहीं होतीं। एक पत्रकार के रूप में यह जिम्मेदारी बनती है कि किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले मुझसे या मेरी टीम से पुष्टि की जाए।' मृणाल ने बताया कि पहले उनकी कोई पीआर टीम नहीं थी, लेकिन बार-बार फैल रही गलतफहमियों और अफवाहों के कारण उन्हें पीआर टीम रखनी पड़ी।
एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि कई फिल्मों से उनका नाम जोड़ दिया जाता है, जबकि उन्हें उन प्रोजेक्ट्स के लिए संपर्क तक नहीं किया गया होता। बाद में खबरें आती हैं कि मैंने ज्यादा फीस मांग ली, इसलिए फिल्म नहीं की। मृणाल ठाकुर ने सवाल उठाते हुए कहा- ''ये बातचीत कहां हो रही है? क्यों हो रही है? किसी कलाकार की छवि खराब क्यों की जा रही है? जब कोई तथाकथित प्रामाणिक अफवाह चल रही हो, तो क्या एक बार संबंधित कलाकार से पूछ लेना जरूरी नहीं समझा जाता?' मृणाल ने वायरल खबरों और भ्रामक शीर्षकों पर भी नाराजगी जताई। मृणाल ने कहा, 'मैं चाहती हूं कि ध्यान मेरे काम पर हो। मैं किसी और का नाम लेकर आगे बढ़ने में विश्वास नहीं करती। यह मैं नहीं हूं।' उन्होंने बातचीत के अंत में यह भी कहा कि फिल्म और किरदारों पर चर्चा होना ज्यादा जरूरी है, क्योंकि सोशल मीडिया पर जो दिखता है, वह हमेशा सच नहीं होता। धनुष संग शादी की अफवाहों के बीच मृणाल का यह बयान साफ करता है कि वह अपनी निजी जिंदगी से ज्यादा अपने काम के जरिए पहचानी जाना चाहती हैं।



# नेटिजेंस के कमेंट को क्रिएटिव रिव्यू मानती हैं शनाया

अभिनेत्री शनाया कपूर ने पिछले साल बॉलीवुड में डेब्यू किया है। अपने डेब्यू के बाद से ही शनाया लगातार ट्रोलर्स के भी निशाने पर बनी हुई हैं। उनकी एक्टिंग से लेकर उनके दुबले-पतले शरीर और जॉ लाइन तक को लेकर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। अब इन ट्रोलिंग पर शनाया ने प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने बताया कि किस हद तक इस तरह की ट्रोलिंग उन्हें परेशान करती है।

### मैं हमेशा कमेंट पढ़ती हूं

बातचीत में शनाया ने अपनी ट्रोलिंग को लेकर कहा कि मैं हमेशा कमेंट सेक्शन पढ़ती हूं। मुझे लगता है कि अलग-अलग तरह के कमेंट होते हैं। अगर यह मेरे काम से जुड़ा है, अगर यह मेरे डांस या परफॉर्मेंस पर फीडबैक है, तो चाहे वह कितना भी नकारात्मक हो, चाहे उसे कठोर लहजे में कहा गया हो, मैं उसे क्रिएटिव फीडबैक के रूप में लेती हूं। इसलिए क्योंकि यह मेरे दर्शकों के प्रति मेरा कर्तव्य है। उनकी बात सुनना मेरा फर्ज है। हो सकता है कि इसे अच्छे तरीके से न कहा गया हो और यह थोड़ा चुभ सकता है, लेकिन यह एक तरह से वास्तविकता का एहसास दिलाता है।

### रूप-रंग से जुड़े कमेंट को करती हूं इग्नोर

शनाया ने आगे कहा कि वह इसे ट्रोलिंग नहीं मानतीं, बल्कि क्रिएटिव रिएक्शन की तरह देखती हैं। मैं दर्शकों के लिए यहां हूं। अगर मुझे पता ही नहीं चलेगा कि वे मेरे बारे में कैसा महसूस कर रहे हैं, और मैं उससे भागती रहूंगी, तो मैं ऐसा कैसे कर पाऊंगी? इसीलिए मुझे अक्सर ऐसी बातें सुननी पड़ती हैं। लेकिन अगर यह मेरे रूप-रंग, मेरे चेहरे, या आज मैं कुछ ज्यादा पतली लग रही हूं, या मेरा जॉ लाइन थोड़ी अजीब है, जैसी बातों से संबंधित है, तो मैं निश्चित रूप से उन्हें नजरअंदाज कर देती हूं। लेकिन हां, यह स्वीकार करना बहुत जरूरी है कि कभी-कभी इससे दुख हो सकता है। जब आप इससे भागते हैं, तो यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से थोड़ा मुश्किल हो जाता है।

### 'तू या मैं' में नजर आएंगी शनाया

वर्कफ्रंट की बात करें तो शनाया ने पिछले साल 'आखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इन दिनों वो अपनी आगामी फिल्म 'तू या मैं' के प्रमोशन में व्यस्त हूं। यह एक सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म है। इसमें उनके साथ आदर्श गौरव प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं। 'तू या मैं' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी और नाना पाटेकर की फिल्म 'ओ रोमियो' से होगा।






# इशिका तोरिया को मिला बड़ा मौका, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स ने किया साइन

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री की अभिनेत्री और मॉडल इशिका तोरिया ने अपने करियर के सफर में एक नया मुकाम हासिल किया है। उन्हें इंडस्ट्री की जानी-मानी म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने एक्सक्लूसिव तौर पर साइन किया है। यह कदम उनके करियर के लिए बेहद अहम है। यह साइनिंग उनके लिए और कंपनी दोनों के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है। इशिका तोरिया ने अपने करियर की शुरुआत साल 2015 में एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई और गुजराती फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी अलग छाप छोड़ी। इशिका ने दो गुजराती फिल्मों- 'लव नो भवाड़ो' और '3 चक्करम' में अभिनय किया। इसके अलावा, उन्होंने 80 से ज्यादा गुजराती म्यूजिक वीडियोज में काम किया और कुछ पंजाबी गानों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अलग-अलग क्षेत्रों के काम ने उन्हें इंडस्ट्री में लोकप्रियता दिलाई। इशिका केवल फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज तक सीमित नहीं रही। वह कई रैंप शोज और फैशन इवेंट्स का हिस्सा रह चुकी हैं, जहां उनके स्टाइल को लोगों ने काफी सराहा। उनके पास कला और फैशन दोनों का शानदार अनुभव है। इसी अनुभव के दम पर उन्होंने इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है।
इशिका के अनुभव और मेहनत को देखते हुए वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के एमडी रत्नाकर कुमार ने कहा, 'इशिका तोरिया में टैलेंट, मेहनत और स्क्रीन प्रेजेंस का बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। उन्होंने कम उम्र में इंडस्ट्री में लंबा सफर तय किया है। हमें पूरा भरोसा है कि वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के बैनर तले वह और भी बेहतरीन प्रोजेक्ट्स करेंगी और दर्शकों को पसंद आएंगी।'' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के साथ इस नई साझेदारी पर इशिका ने अपनी खुशी जाहिर की और कहा, ''वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स जैसी बड़ी और प्रतिष्ठित म्यूजिक कंपनी के साथ एक्सक्लूसिव तौर पर जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं रत्नाकर कुमार सर का दिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। आने वाले समय में मैं दर्शकों के लिए कुछ खास और यादगार काम लेकर आऊंगी।' इशिका तोरिया के नए म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रोजेक्ट्स का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# नितेश तिवारी की 'रामायण' में राघव जुयाल की हुई एंट्री

**नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली रणबीर कपूर की 'रामायण' अपनी घोषणा के बाद से ही लगाार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म की कास्ट को लेकर लगातार नए अपडेट सामने आ रहे हैं। अब फिल्म में मेघनाद के रोल के लिए एक नए अभिनेता का नाम सामने आया है।**

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है और इसे अब तक की बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्म भी बताया जा रहा है। फिल्म के प्रमुख किरदार तो पहले से ही तय हैं, जिनमें रणबीर कपूर (राम), यश (रावण), साई पल्लवी (सीता), रवि दुबे (लक्ष्मण) और सनी देओल (हनुमान) के किरदार में नजर आएंगे। लेकिन इसके अलावा फिल्म की कास्ट को लेकर लगातार नए अपडेट सामने आ रहे हैं। अब फिल्म से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। जानिए मेघनाद के लिए किस एक्टर के नाम की हो रही है चर्चा?

### राघव जुयाल की हुई एंट्री

एक रिपोर्ट के मुताबिक, राघव जुयाल अब नितेश तिवारी की मच अवेटेड फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बनने जा रहे हैं। रणवीर कपूर, साई पल्लवी और यश इस फिल्म में प्रमुख भूमिकाएं निभाएंगे। वहीं राघव जुयाल इस फिल्म में मेघनाद का किरदार निभा सकते हैं। उनका किरदार 'रामायण पार्ट टू' में नजर आएगा, जो 2027 की दिवाली पर रिलीज होगी।

### 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में पसंद किया गया राघव का किरदार

राघव जुयाल को साल 2023 में आई फिल्म 'किल' में काफी पसंद किया गया था। इसके बाद वो पिछले साल आए आर्यन खान के डेब्यू शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में भी नजर आए थे। इसमें एक बार फिर राघव ने अपनी एक्टिंग से सभी को प्रभावित किया। अब राघव अपने एक्टिंग करियर को एक लेवल ऊपर ले जाने वाले हैं। अब वो साउथ की फिल्म में भी नजर आएंगे।



### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं। फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। पहला पार्ट इस दिवाली (2026) में सिनेमाघरों में रिलीज होगा। वहीं इस फिल्म का दूसरा भाग 2027 दिवाली पर रिलीज होगा।



# सिद्धांत चतुर्वेदी ने भाषा से जुड़ी चुनौतियों पर की खुलकर बात

अपनी आगामी तथा चर्चित फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बेहद निजी और भावनात्मक पहलू साझा किया है। उत्तर प्रदेश के बलिया में पले-बढ़े सिद्धांत ने अपनी जड़ों, भोजपुरी भाषा और मुंबई आने के बाद भाषा व आत्मविश्वास से जुड़ी उन खामोश चुनौतियों पर खासखबर के साथ खुलकर बात की, जिनका सामना अक्सर बाहर से आने वाले युवाओं को करना पड़ता है। अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए सिद्धांत ने बताया कि बलिया में बिताया गया बचपन न सिर्फ उनके उच्चारण बल्कि उनकी सोच का भी अहम हिस्सा रहा है। श को स कहने के बारे में वे कहते हैं, 'घर में बातचीत की भाषा भोजपुरी थी और आज भी मेरी मां भगवान शिव को प्यार से 'संकर भगवान' कहती हैं।' हालांकि सिद्धांत के लिए ये सिर्फ यादें नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव हैं, जो 'दो दीवाने सहर में' की स्क्रिप्ट पढ़ते वक्त और गहरे हो गए थे। खासखबर से बातचीत में सिद्धांत आगे कहते हैं, 'मेरे लिए यह हमेशा से काफी पर्सनल रहा है। जब मैं मुंबई आया, तो पहले पांच-छह साल मेरी हिंदी भी टूटी-फूटी थी। मैं भोजपुरी में ही बात करता था।' उन्होंने यह भी बताया कि भाषा किस तरह धीरे-धीरे आत्मविश्वास को प्रभावित करती है, खासकर तब, जब आप अपनी क्षेत्रीय पहचान के साथ किसी बड़े शहर में कदम रखते हैं। हालांकि टूटी हिंदी में बात करना, धीरे-धीरे अंग्रेज़ी सीखना और 'स' व 'श' जैसे उच्चारणों को लेकर सजग होना, ये सब ऐसी बातें हैं, जिनसे कई लोग गुजरते हैं, लेकिन कम ही खुलकर बोलते हैं।
'बात यह नहीं है कि आप यूपी, बिहार, राजस्थान, गुजरात, नॉर्थ-ईस्ट या नेपाल से आते हैं, बात ये है कि भाषा की दीवार होती ही है। और जब आप किसी चीज़ को लेकर कॉन्शस हो जाते हैं, तो वह आपके आत्मविश्वास को प्रभावित करती है।' सिद्धांत ने कहा। गौरतलब है कि बेहद भावुकता के साथ कहे अपने दिल की बात को और भी मानवीय बना देती है सिद्धांत की ईमानदारी, जिसमें उन्होंने सीखने और खुद को ढालने की प्रक्रिया को बिना किसी दिखावे के स्वीकार किया।
उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने बिना किसी औपचारिक ट्रेनिंग के, जीवन के अनुभवों से बोलचाल सुधारी। यहां तक कि फर्राटेदार अंग्रेज़ी बोलनेवाली चेन्नई की लड़की के साथ पहली बार प्यार में पड़ना भी उनके लिए भावनात्मक ही नहीं, भाषाई सीख का भी हिस्सा था। हालांकि उनकी सच्ची और बिना बनावट की बातों ने 'दो दीवाने शहर में' में उनके किरदार को और गहराई दी है, जहां भावनात्मक संवेदनशीलता और सच्चाई कहानी का केंद्र है।
घर की भोजपुरी बातचीत से लेकर हिंदी सिनेमा में अपनी आवाज़ खोजने तक का सिद्धांत का सफर उन अनगिनत युवाओं की कहानी है, जो सपनों के साथ एक शहर से दूसरे शहर आते हैं। दिलचस्प बात ये है कि भाषा, पहचान और आत्मविश्वास पर बिना किसी चमक-दमक के बात करते हुए सिद्धांत चतुर्वेदी एक बार फिर साबित करते हैं कि दर्शक उनसे इसलिए जुड़ाव महसूस करते हैं क्योंकि वे खुद एक ऐसे कलाकार के रूप में उनसे जुड़ते हैं, जिनकी यात्रा बनावटी नहीं, बल्कि सच्ची, मेहनत से अर्जित की गई और गहराई से भारतीय है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in